शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 142 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 17 जून 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# फिर सवालों के घेरे में ईवीएम

## एलन मस्क के बाद राहुल गांधी का भी आया ईवीएम पर बयान, बोले- चुनावी पारदर्शिता पर उठ रहे गंभीर सवाल

**नई दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फिर बहस छिड़ गई है। दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने 15 जून को लिखा- ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इस पर भाजपा नेता और पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा- मस्क के मुताबिक, कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, ये गलत है। उनका बयान अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है - जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूटर प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। भारतीय ईवीएम सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। यानी कोई रास्ता नहीं है। फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। ईवीएम को ठीक उसी तरह डिजाइन किया जा सकता है, जैसा कि भारत ने किया है। भारत में इसे हैक करना संभव नहीं है। इलॉन, हमें ट्यूटोरियल (सिखाने वाला संस्थान) चलाकर खुशी होगी। वहीं, राहुल गांधी ने मस्क की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कहा- भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स की तरह है। किसी को भी इसकी जांच की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है।







### ईवीएम अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता: चुनाव आयोग

**राहुल गांधी ने** मस्क की पोस्ट में खबर के साथ रीपोस्ट किया। इसमें मुंबई की घटना का जिक्र है। दरअसल, मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से एनडीए और शिवसेना (शिंदे) प्रत्याशी रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर 4 जून को पाबंदी के बावजूद एक चुनाव अधिकारी का मोबाइल लेकर गोरेगांव के काउंटिंग सेंटर के अंदर गए थे। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग के एक अधिकारी के पास मोबाइल फोन था, जिससे मतगणना के दौरान ओटीपी जनरेट होता है। इससे ईवीएम अनलॉक किया जा सकता है। इस फोन का इस्तेमाल सांसद के रिश्तेदार




पंडिलकर कर रहे थे। पुलिस को संदेह है कि फोन का इस्तेमाल सुबह से शाम 4.30 बजे तक किया गया, जब काउंटिंग के दौरान कांटे की टक्कर चल रही थी। आखिरकार, वायकर शिवसेना उद्धव गुट के अमोल कीर्तिकर से सिर्फ 48 वोट के अंतर से जीते। 2024 लोकसभा चुनाव में यह जीत का सबसे छोटा अंतर है। मुंबई पुलिस ने कई नेताओं और चुनाव आयोग की शिकायतों के बाद 15 जून को मंगेश पंडिलकर और एक चुनाव अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने कहा- ईवीएम अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता:** ईवीएम की फोन से हैकिंग के विपक्ष के आरोपों पर महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। रिटर्निंग ऑफिसर वंदना सूर्यवंशी ने अखबार में छपी खबर को लेकर कहा- ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता। ईवीएम किसी डिवाइस से कनेक्ट नहीं रहती। यह स्टैंड अलोन यानी खुद से चलने वाला सिस्टम है। अखबार में छपी खबर पूरी तरह से गलत है। हमनें उन्हें नोटिस भेजा है। मानहानि का भी केस दर्ज किया गया है।

### विपक्ष ने उठाए सवाल, बैलेट पेपर से चुनाव की मांग



**राहुल के** बाद सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा- टेक्नोलॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

**इलॉन मस्क की पोस्ट**

मस्क ने यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर की एक पोस्ट को रीपोस्ट करके कही। कैनेडी जूनियर ने प्यूर्टो रिको के चुनावों में ईवीएम से जुड़ी अनियमितताओं के बारे में बताया था और पेपर बैलेट पर लौटने की बात कही थी। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होंगे।

**रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर बोले- पेपर बैलेट पर लौटना होगा**

अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने पोस्ट में लिखा था- प्यूर्टो रिको के प्राइमरी इलेक्शन में ईवीएम से वोटिंग के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई थीं। सौभाग्य से यह एक पेपर ट्रेल था, इसलिए समस्या की पहचान की गई और वोटों की गिनती को सही किया गया। सोचिए उन क्षेत्रों में क्या होता होगा, जहां कोई पेपर ट्रेल नहीं है?' अमेरिकी नागरिकों के लिए यह जानना आवश्यक है कि उनके प्रत्येक वोट की गणना की गई है। उनके चुनावों में कोई सेंध नहीं लगाई जा सकती। चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक हस्तक्षेप से बचने के लिए उन्हें पेपर बैलेट पर वापस लौटना होगा।'

**भारत में भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था मामला**

इसी साल अप्रैल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी।

## सीबीआईसी ने भारतीय सीमा शुल्क के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से लोगों को सतर्क किया

**नई दिल्ली**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा है। सीबीआईसी ने इसके लिए जागरुकता अभियान भी चलाया है। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि समाचार पोर्टल और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों ने सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। सीबीआईसी ने जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है। इसको अंजाम देने वालों का मकसद तुरंत दंडात्मक कार्रवाई के ह्यकथितह्न डर दिखाकर पैसा ऐंठने पर केंद्रित होती है। सीबीआईसी ने जन जागरुकता के माध्यम से इस तरह की धोखाधड़ी का मुकाबला करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया है, जिसमें समाचार पत्रों में विज्ञापन, आम जनता के लिए एसएमएस, ई-मेल और सोशल मीडिया अभियान के अलावा सीबीआईसी के क्षेत्रीय कार्यालयों में जागरुकता अभियान शामिल है।

## आरबीआई को मिला 2024 का सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधक का पुरस्कार

**मुंबई/नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को लंदन (यूके) के प्रमुख प्रकाशन सेंट्रल बैंकिंग ने 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया है। आरबीआई को सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधक का यह पुरस्कार अपनी जोखिम संस्कृति और जागरुकता में सुधार के लिए दिया गया है। आरबीआई की ओर से यह पुरस्कार कार्यकारी निदेशक मनोरंजन मिश्रा ने प्राप्त किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात हुई: जस्टिन ट्रूडो

**रोम**

भारत और कनाडा के रिश्ते तनावपूर्ण चल रहे हैं। इस बीच जी7 शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात हुई और दोनों देशों ने साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने भी दोनों नेताओं की हाथ मिलाते हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में लिखा गया था कि 'जी7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की।' खालिस्तानी चरमपंथियों को लेकर तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के बीच पीएम मोदी और जस्टिन ट्रूडो के बीच यह पहली बैठक है। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए ट्रूडो ने कहा कि 'मैं इस अहम और संवेदनशील मुद्दे के विवरण में नहीं जाऊंगा, जिस पर हमें आगे काम करने की जरूरत है, लेकिन हमने आने वाले समय में अहम मुद्दों पर साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।' दोनों नेताओं के बीच इससे पहले भारत में हुए जी20 सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई थी।



## जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी: शाह

**नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य पर नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसकी अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है, लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इनोवेटिव तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर एक मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है।

उन्होंने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर जोर दिया।



## भारत ने यूक्रेन शांति सम्मेलन के घोषणापत्र से स्वयं को अलग रखा



**नई दिल्ली**

भारत ने स्विट्जरलैंड में आयोजित यूक्रेन शांति सम्मेलन में जारी संयुक्त वक्तव्य और संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया तथा यूक्रेन के संबंध में कूटनीति और संवाद के जरिए संघर्ष का समाधान तलाशने की अपनी पुरानी नीति को कायम रखा है। सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का हवाला देते हुए युक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर जोर दिया गया था।

इसमें रूस से सभी क्षेत्रों से सेना को वापस बुलाने की मांग शामिल थी। जिसका करीब 80 देशों ने समर्थन किया। भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित ग्लोबल साउथ के 12 देशों ने संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किए। सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक पवन कपूर ने भारत का दृष्टिकोण प्रगट करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन संघर्ष के दो पक्षों (रूस, यूक्रेन) को स्वीकार्य हल के जरिए ही समस्या का समाधान संभव है। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था। इसके साथ चीन ने इस सम्मेलन में शामिल होने से इनकार कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने शांति सम्मेलन के संदर्भ में जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि भारत ने इस सम्मेलन और अन्य बैठकों में इसलिए भाग लिया था ताकि संघर्ष का समाधान बातचीत और कुटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से तलाशा जा सके। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आवश्यक है कि इससे जुड़े दोनों पक्षों (रूस, यूक्रेन) के बीच ईमानदारी के साथ विचार-विमर्श हो।

## उत्तराखंड के जंगल की आग बेकाबू, अब तक हो चुकी 10 की मौत

**देहरादून**

**उत्तराखंड के** जंगलों की आग बेकाबू होती जा रही है। नवंबर से जारी आग की एक हजार से अधिक घटनाओं में करीब डेढ़ हजार हेक्टेयर वन भूमि पर लदी हरियाली जलकर नष्ट हो चुकी है ।बिनसर समेत अलग-अलग घटनाओं में अब तक 10 लों गों की जान चली गई और नौ लोग घायल हो चुके हैं। हालांकि प्रशासन आग पर काबू पाने के लिए समय-समय पर वायुसेना के हेलिकॉप्टरों की मदद ले रहा है, लेकिन आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका।? नवंबर, 2023 से अब तक प्रदेश में जंगल की आग की 1,242 घटना हो चुकी है, इसमें 1,696 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंच चुका है। जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अप्रैल में नैनीताल जिले में एयरफोर्स का हेलिकाप्टर पहुंचा था। इसी तरह गढ़वाल में भी मई में भी एयरफोर्स का हेलिकाप्टर पहुंचा। राज्य में कुमाऊं मंडल में सबसे अधिक 598 और गढ़वाल मंडल में 532 जंगल की आग की घटना हुईं। तपिश बढ़ने के साथ ही अल्मोड़ा और रानीखेत के जंगलों की आग फिर से बेकाबू होने लगी है। आग अब आईटीआई, विश्वनाथ, कटारमल और सल्ट विकास खंड के डोटियाल के पास जंगलों में धधक गई।



## उमड़ी इतनी भीड़ कि 'जाम' हो गया

**हरिद्वार**

वीकेंड, गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी स्नान पर्व को लेकर हरिद्वार में भारी भीड़ उमड़ी है। दिल्ली, यूपी, हरियाणा समेत देशभर से लोग यहां पहुंचे हैं। हाल ये है कि घाटों पर तो भीड़ है ही, लेकिन हाईवे से लेकर शहर के अंदर तक भारी जाम लग गया। कुछ किलोमीटर का सफर लोगों ने कई घंटों में तय किया।

हालांकि पुलिस ने ट्रैफिक और भीड़ के देखते हुए पहले ही तैयारी की थी, लेकिन भीड़ के आगे वो तैयारी भी नाकाफी साबित हो रही है। शहर के अंदर चौक चौराहों पर जाम है, तो हाईवे पर रुड़की बॉर्डर से लेकर हरकी पैड़ी तक वाहनों की लंबी कतार लगी है। मेला क्षेत्र को तीन सुपर जोन, 10 जोन और 26 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। साथ ही पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई है। चंडी चौक से वाल्मीकि चौक, शिवमूर्ति चौक से हरकी पैड़ी और भीमगोड़ा बैरियर तक जीरो जोन रहेगा। शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री की गई।

## हवाई युद्ध अभ्यास 'रेड फ्लैग' में भारतीय वायु सेना ने 100 से अधिक उड़ानें भरीं

### शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारत ने सभी निर्धारित मिशन पूरे किए

### - यही टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास करेगी

**नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ एयर फोर्स बेस, अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास रेड फ्लैग में हिस्सा लिया है। यह अभ्यास का दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायु सेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है। चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायु सेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे किए। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। संयुक्त राज्य वायु सेना के एयरबेस एइलसन में 04 से 14 जून तक आयोजित इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स, यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नीदरलैंड एयर फोर्स, जर्मन लूफ़्टवाफे. और यूएस एयर फोर्स ने भाग लिया। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी।

राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया।

यह पहली बार था जब भारत के राफेल विमानों ने सिंगापुर और अमेरिकी विमान एफ-16, एफ-15 और ए-10 के साथ अभ्यास 'रेड फ्लैग' में भाग लिया। इन मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स इंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज लड़ाकू अभ्यास शामिल थे। भारतीय वायु सेना के चालक दल मिशन योजना में सक्रिय रूप से शामिल थे और अभ्यास के दौरान निर्दिष्ट मिशनों के लिए मिशन लीडर की भूमिका भी निभाई। अभ्यास के दौरान अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अंतर-संचालन की अंतर्दृष्टि और बहुराष्ट्रीय वातावरण में सहयोगात्मक समझ शामिल थी।



# संदिग्ध परिस्थितियों में आटो चालक की हुई मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओनौर गांव के निवासी सुरेश चंद्र सिंह(40)पुत्र त्रिभुवन सिंह है जो की आटो चालक है। आटो चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है बता दे की गांव की ही महिला निशा सोनकर पत्नी रामबाबू सोनकर सुरेश चंद्र का आटो 11तारीख के लिए मिजार्पुर के लिए बुक किया था। और जब 11तारीख को निशा सोनकर अपने पति रामबाबू सोनकर और गांव के ही अजय यादव साथ में मीरजापुर जाते है।तो उस दिन आटो चालक सुरेश चंद्र घर वापस नहीं आता है।जब सुरेश की पत्नी प्रिया सिंह की निशा सोनकर से फोन पर बात करती है तो बताया जाता है एक दो दिन रुक कर आयेंगे। तो सुरेश की पत्नी प्रिया सिंह ने कहा ठीक है क्यू की निशा सोनकर महीने दो महीने में अक्सर आटो लेकर उसे मिजार्पुर लेकर जाया करती थी और सुरेश चंद्र एक दो दिन रूकर आता था। वही सुरेश चंद्र की पत्नी ने बताया की इस बार हमारी एक बार बात करवाने के बाद हमारा नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया।और हमारे पति के पास पर्सनल फोन नही था की मैं बात कर सकू।पत्नी ने बताया की जब 15 तारीख की सुबह लगभग 7.30 बजे घर वापस आते है। तो उनका आटो अजय यादव चला रहे होते है। और सुरेश चंद्र को घर के सामने उतार कर गाड़ी लेकर चले जाते है जब घर के लोग और सुरेश की पत्नी प्रिया ने देखा तो सुरेश एक कदम चल भी नही पा रहे थे। जब पत्नी प्रिया और परिवार के लोगो ने पूछा तो सुरेश ने सिर्फ इतना ही बताया की हमारे साथ धोखा किया गया है। और हमारा कमर जल रहा है ।जब घर के लोग ने सुरेश के बदन से कपड़े उतार कर देखे तो कमर का हिस्सा बहुत बुरी तरह से जला हुवा था जिससे परिवार के लोगो ने आशंका जताया की एसिड या कोई जहरीला केमिकल डाला गया है या पिलाया गया है जिससे इनकी यह हालत हुई है। सुरेश चंद्र की दो से तीन घंटे में मौत हो जाती है वही बच्चे समेत पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है । पीड़ित परिवार व्दारा चौकी पर सूचना दिया गया चौकी प्रभारी अपने मयफोर्स पहुंच कर बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्ट मॉर्डम के लिए भेज कानूनी कार्यवाही में जुट गए ।मृतक सुरेश के दो बच्चे है लड़के का नाम शिवा सिंह(15)और लड़की का नाम शिवानी सिंह(13) है वही पीड़ित परिवार का कहना है की यह हत्या है और शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे है। अब देखना यह है की मेजा पुलिस इस मामले को किस तरह संज्ञान में लेती हैं और क्या कुछ कार्यवाही करती है। पोस्टमार्टम से शव घर पहुंचने पर परिजनों ने शव को उठाकर आरोपियों के घर पर रखा रखकर कार्रवाई की मांग करने लगे सूचना पर मेजा थाना प्रभारी मय फोर्स मौकेपर पहुंचकर परिजनों को किसी तरह समझा कर कहा कि जो भी कार्रवाई होगा किया जाएगा तब परिजन जाकर माने आरोपी अपने घर से सभी ताला लगाकर फरार हो गए है।

## 33 साल बाद गुनाह कुबूला, बोला- हूजूर बीमार हूं, नहीं है कोई पैरोकार

**प्रयागराज।** आयुध अधिनियम के एक मामले लगातार गैरहाजिर चल रहे एक मुल्जिम ने 33 साल बाद जिला अदालत में अपना गुनाह कुबूल कर लिया। कोर्ट से कहा...हूजूर बीमार हूं , मेरा कोई पैरोकार भी नहीं है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शशि कुमार की अदालत ने जमानत से पहले जेल में बिताई अवधि के साथ पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुना दी।मामला वर्ष 1991 का है। थाना कोतवाली की पुलिस ने आरोपी अमरेंद्र कुमार के खिलाफ गैर कानूनी हथियार रखने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया था। मामले की विवेचना के बाद 25 अप्रैल 1991 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। शुरुआती दौर में ही आरोपी जमानत पर रिहा किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान वह कोर्ट से लगातार गैरहाजिर रहा। अदालत ने उसके खिलाफ कई बार वारंट जारी किया, लेकिन वह न खुद हाजिर हुआ न पुलिस उसे अदालत में पेश कर पाई। करीब तीन दशक बाद बृहस्पतिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पहुंचे आरोपी ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया। अपनी बीमारी का हवाला देते हुए अदालत से कम से कम सजा सुनाने की गुहार लगाई। कोर्ट ने मामले का निस्तारण करते हुए आरोपी को जमानत से पहले जेल में बिताई अवधि की कैद के साथ पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुना दी।

## ● फादर्स-डे पर पिता का सुसाइड

## 'मैं जिंदगी से हार गया हूं बेटा...मेरा अंतिम संस्कार मत करना' लिखकर फंदे पर लटक गया




**प्रयागराज।** रविवार को फादर्स डे के दिन एनजीओ संचालक संजय सक्सेना ने सुसाइड कर लिया। पत्नी, बेटे कहीं गए हुए थे। जब वह लौटे तो संजय कहीं नजर नहीं आए। घरवालों ने सोचा ऊपर के कमरे में सो रहे हैं। जब जाकर देखा तो उनकी लाश रस्सी से लटक रही थी। पत्नी बेहोश होकर गिर गई। पुलिस को जानकारी दी। मौके पर जब कमरे की जांच की, तो एक सुसाइड नोट मिला।जिसमें लिखा- 'डियर बेटा, मैं अपनी जिंदगी से हार चुका हूं। तुम और अनामिका अपना ध्यान रखना। सॉरी लव यू बेटा।' परिवार वाले बोलने को तैयार नहीं : पुलिस ने सुसाइड नोट कब्जे में ले लिया है। अब परिवार से बातचीत कर रही है। चक रघुनाथ नैनी के रहने वाले संजय सक्सेना श्याम बिहारी सक्सेना के बेटे थे। वह एनजीओ चलाने वाले के तौर पर जाने जाते थे। इन दिनों उनके पास कोई काम नहीं था। रिश्तेदार बता रहे हैं कि आर्थिक तंगी की वजह से वह काफी दिनों से परेशान चल रहे थे। हालांकि संजय के परिवार वाले इस बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे परिवार के लोगों ने कहा कि हमें कुछ नहीं कहना।

## शंकरगढ़ में हीटवेव से बुजुर्ग की मौत



**बारा।** मिड जून में गर्मी कहर ढा रही है। तापांतर में कमी आने के कारण रात को भी चैन नहीं मिल रहा है। हीटवेव से काल कवलित होने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार को यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की हीटवेव से मौत हो गई। शंकरगढ़ के बैरी, बसहरा उपरहार के रहने वाले 70 वर्षीय लाल बहादुर पुत्र जयराम की गर्मी की चपेट में लू लगने से मौत हो गई। भीषण गर्मी के कारण मध्य प्रदेश से सटे प्रयागराज के क्षेत्रों में हाहाकार की स्थिति बनी हुई है। सुबह होते ही तल्ख धूप चुभने लगती है और सांझ ढलने के बाद भी वातावरण भट्ठी की तरह दहकता रहता है। गर्मी के ही कारण रविवार को दोपहर एक कार में आग लग गई। हालांकि इसे शार्ट सर्किट से हुआ हादसा माना जा रहा है। अर्टिगा कार से पांच लोग एक आश्रम से चित्रकूट जा रहे थे। जैसे ही कार नये यमुना पुल पर पहुंची, कार से धुआं निकलनेलगा। आशंका होने पर कार सवार कार छोड़कर भाग निकले और देखते ही देखते पूरी कार आग की लपटों में समा गई। हालांकि, फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पिछले पखवारे भर की बात करें तो लगभग दर्जनभर वाहनों के जलने की घटनाएं प्रयागराज में हो चुकी हैं। रविवार को ही नैनी कोतवाली क्षेत्र में बांध रोड के नीचे एक शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई और चीरघर भेजा। मृतक अरैल का निवासी था। आशंका है कि यह मौत भी गर्मी कीवजह से हुई है। मौसम विभाग ने पूरे सूबे के लिए चेतावनी जारी की है। यह गर्मी अगले 19 जून तक बरकरार रह सकती है, इसके बाद ही गर्मी के कुछ नम होने के आसार दिख रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक जौनपुर, भदोही, चंदौली, सोनभद्र, वाराणसी, ललितपुर, महोबा, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशांबी, रायबरेली, बांदा, चित्रकूट, औरैया, हमीरपुर, जालौन, झाँसी, कानपुर, आगरा, इटावा, फतेहपुर, फि रोजाबाद के अधिकांश हिस्सों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। शनिवार को पूरे प्रदेश में हीटवेव की चपेट में आने से 33 लोगों के निधन की भी खबर है। इस दौरान रात का पारा सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है। कल भी प्रचंड लू की आशंका व्यक्त की गई है। जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 19 जून को तेज हवाओं के साथ फुहारों के पड़ने के आसार हैं।

## रेलवे गेट पर कार सवार की लापरवाही होते-होते बचा हादसा

**झूंसी।** रविवार की शाम रेलवे गेट झूंसी पर हादसा होते-होते बच गया। वाराणसी की ओर से दिल्ली की ओर जा रही ट्रेन निकली तो सूचना पर गेटमैन गेट को बंद करने लगा। हूटर बजाने के बावजूद एक कार बैरियर को क्रास करने लगा। बताते हैं कार आगे बढ़ी तभी गेट बंद हो गया। तब तक ट्रेन आ गई। दोनों बैरियर बंद हो जाने से कर बीच में फंस गई।गनीमत थी कि कार रेलवे ट्रैक से आगे जाकर खड़ी हो गई थी। ट्रेन निकल गई, कर सुरक्षित बच गई।अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता था। उधर रविवार की दोपहर एक गाय ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गई। लोगों ने उसके मालिक को सूचना दिया। खबर पाकर पहुंचें गाय के मालिक ने उसका उपचार कराया।

## नैनी लेप्रशी चौराहे के पास अटिगा कार में लगी आग

### फायरकमियों ने कार में लगी आग को बुझा दिया तब तक कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई, भीषण गर्मी से लोग बेहाल, तेज धूप से वाहनों में लगी आग





**नैनी।** नैनी लेप्रशी चौराहे के पास रीवा रोड पर हल्की जाम की स्थिति रही। उसी समय अचानक एक अटिगा कार में आग लग गई। आग लगने से वहां आस पास रहे अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। तत्काल फायरबिग्रेड को सूचना दी गई। तत्काल बिना समय गंवाए पहंचे फायरकमियों ने कार में लगी आग को बुझा दिया। तब तक कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों की मानें तो भीषण गर्मी के चलते यह हादसा हुआ। हालांकि कार में आग लगते ही तत्काल कार सवार उसमें से निकलकर बाहर हो गए। भीषण गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसके चलते वाहनों में आग लगने की घटनाएं खूब हो रही हैं। रविवार सुबह नैनी के लेप्रशी चौराहा के पास कर में आग लग गई। इससे जाम में फंसे वाहनों पर सवार लोग दहशत में रहे। मवैया निवासी अमन निषाद शहर स्थित उड़ीसा आश्रम से जुड़ा हुआ है। उड़ीसा से आए दो पुरुष एवं दो महिला तथा एक बच्चे को वह अपनी आर्टिगा कार से चित्रकूट धाम लेकर जा रहा था। वह जैसे ही लेप्रशी चौराहा पार करने के बाद गाड़ी जाम में फंस गई। लगभग वह डेढ़ घंटे तक जाम में फंसा रहा। गाड़ी का एसी चल रहा था। अचानक उसमें आग लग गई। आनन फानन में सभी दर्शनार्थियों को बाहर निकालकर वापस आश्रम पहुंचाया गया।

## न्यूज झरोखा

### सिद्धेश्वर नाथ पहाड़ी पर आयोजित रुद्र महायज्ञ उपरांत संतो का प्रयागराज हुआ प्रस्थान



**मेजा।** सिद्धेश्वर नाथ पहाड़ी पर आयोजित दस दिवसीयश्री रुद्र महायज्ञ के उपरांत प्रथम प्रवास अवनीश मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि मदरहा के यहाँ संपन्न हुआ।जिसमें अयोध्या नगरी से आये महंत भूपेंद्र दास महराज व ब्रह्मांड गुरु ब्रह्मर्षि,तपस्वी जी महाराज व बालकदास जी महाराजएवं स्वामी प्रेमदास,सचिन दास महराज उपस्थित रहे। रविवार को गंगा दशहरा के पावन पर्व पर संत संघ प्रयागराज को प्रस्थान किए जिसमे प्रधान प्रतिनिधि अवनीश मिश्र ने सभी सन्तों को भेंट में प्रसाद एवं विदाई आदि का प्रबंध किया। इस दौरान समस्त संतों से क्षेत्र की जनता के कल्याणार्थ आशीर्वाद लिए एवं इस भीषण गर्मी से जनमानस के बचाव हेतु हरित क्रांति के तहत बृक्ष लगाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर संतो काआशीर्वाद लेने वालों में हरिमोहन मिश्र, प्रदीप तिवारी, जितेंद्र शुक्ला, राजनारायण मिश्र, अखिलेश दुबे, व ग्राम प्रधान श्रीमती सुषमा मिश्रा आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### स्थानीय और जिला प्रशासन सासन से शिकायत के बावजूद अवैध निर्माण नहीं रुक रहा, मुख्य मंत्री से शिकायत



**कोरांव।** थाना कोरांव क्षेत्र के ग्राम बदोआ कला पोस्ट महुली में गैर प्रांत रह रहे परिवार सहित गृह स्वामी श्रवण कुमार मिश्र की भूमि पर उन्ही की एक पड़ोसी महिला ने कुछ लोगों के सह पर कथित रूप से जबरन कब्जा किया जा रहा है किंतु पुलिस और राजस्व प्रसाधन असहाय नजर आ रहा। जिसकी शिकायत पीड़ित पक्ष ने मुख्य मंत्री जी को ट्वीट किया और हस्तक्षेप की मांग की। बता दें कि श्रवण कुमार मिश्र बनाम बृज बिहारी मिश्र का मुकद्दमा भू राजस्व विवाद का नियमानुसार एसडीएम न्यायालय कोरांव तहसील में विचाराधीन है। और दौरान मुकद्दमा फैसला होने तक कोई निर्माण कार्य को रोका गया है। किंतु एक पक्ष राजकुमार एक महिला श्रमिकों के साथ जबर जसती कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। शिकायतोप्रांत कोई राजस्व या पुलिस के लोग रोक नहीं पा रहे हैं। जिससे कोर्ट के आदेश की अवहेलना हो रही है। श्रवण कुमार मिश्र ने मुख्य मंत्री से लेकर पुलिस आयुक्त,डीसीपी यमुनापार,एसडीएम कोरांव से तत्काल सरहंगों के खिलाफ निर्माण कार्य रोके जाने और गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की है।

### भेलांव में हुई हत्या का एक अभियुक्त तमंचा संग गिरफ्तार



**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के भेलांव में दिनदहाड़े, पिता के सामने हुई युवक की हत्या के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बारा पुलिस ने यह गिरफ्तारी रविवार को सुबह सवा नौ बजे की है। 315 बोर के तमंचा के साथ धरे गए अभियुक्त का चालान भेज दिया गया है। बारा के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि धारा 302, 307, 506, 34 के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त दीपक कुमार पांडेय पुत्र कृष्णबिहारी पांडेय (निवासी भेलांव, बारा) को आज गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद सुसंगत धाराओं में आरोपी का चालान भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान, एचसीपी देवेंद्र सिंह, कांस्टेबल अजीत कुमार यादव भी शामिल रहे।

### गंगा दशहरा भीड़ का पूवार्नुमान लगाने में प्रशासन फेल : उज्जवल



**करछना।** नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह ने पुलिस प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि गंगा दशहरा के पावन पर्व पर उमड़ी भीड़ का पूवार्नुमान लगाने में नाकाम रहने के कारण दूरदराज से आये स्नानार्थियों के साथ जमुनापार व शहर के नागरिकों को 4-4 घंटे इस चिलचिलाती धूप में जाम में फसें रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ प्रशासन का फेलियर था उसने जाम समस्या से निपटने का कोई उपाय नहीं किया था या तो भीड़ का पूवार्नुमान लगाने में नाकाम रहे जिसकी वजह से कोई तैयारी नहीं किया जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ा। सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि गंगा दशहरा पर्व पर प्रयागवाल सभा के विमल पाण्डेय की ओर से लेटे हनुमानजी मंदिर के आगे एक भण्डारे का आयोजन किया गया था। जिसमें सांसद उज्जवल रमण सिंह को उपस्थित होना था लेकिन घंटों प्रयास के बाद कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच पायें।

### समाजसेवी ने भीषण गर्मी में राहगीरों को छककर पिलाया शरबत

**कौंधियारा।** रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर जारी बाजार नहर चौराहे पर शीतल जल और शरबत का वितरण किया गया। भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल राहगीरों ने छककर शर्बत पीकर अपनी प्यास बुझाई। बाजार के युवाओ की ओर से शर्बत और जल वितरण किया गया। इस अवसर पर विष्णु भोजवाल, विवेक जायसवाल, विमल जायसवाल, ऋषभ, गोपाल चौरसिया, बच्चा गुप्ता, शोभित जायसवाल, अनीश केसरवानी आशीष आदि रहे।

## नैनी श्रमिक बस्तियों के मालिकाना अधिकार हेतु फिर शुरू हुआ आंदोलन




अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी केंद्र सरकार के आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश की औद्योगिक श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोगों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने के लिए श्रमिक बस्ती, नैनी में फिर से आंदोलन शुरू हो गया है। श्रमिक बस्ती, नैनी स्थित मानस पार्क में धरना देकर लोगों ने मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग की। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड नए आवास बनाकर दिए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इन बस्तियों की स्थापना 70 वर्ष पूर्व हुई थी। इन बस्तियों में लोग पिछले 70 वर्षों से रह रहे हैं। केंद्र सरकार ने 1978 में इन आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने के लिए आदेश दिया था। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने आज तक इस पर अमल नहीं किया। जिससे इन कॉलोनीयों में रहने वाले लाखों लोग संशय की स्थिति में जी रहे हैं। ज्ञातव्य है कि लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता और धारा 144 लागू होने के कारण आंदोलन को दो माह के लिए स्थगित कर दिया गया था। मालिकाना अधिकार की मांग को लेकर आज फिर से आंदोलन शुरू हुआ। श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग किया है कि प्रदेश की श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोगों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिया जाए और बिक्री प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। धरना दे रहे लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगे नहीं पूरी की गई तो शीघ्र ही मिजार्पुर रोड पर चक्का जाम होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद ने की। कार्यक्रम में दिनेश पांडे, सभाजीत यादव, जगबरन सिंह, उमेश कुमार कुशवाहा, अजमत हुसैन, शुभम तिवारी, लक्ष्मी नारायण गोपाल जी, शंकर शर्मा, शिवकरण सिंह, राजा मिश्र, संजय कुमार मिश्र, अरुणा पांडे, कमला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## वांछित फसल चोर कोटेदार होली के पूर्व से फरार,

### अभी तक नहीं हो सकी गिरफ्तारी, रहता है सरे आम घर

**कोरांव।** थाना कोरांव में दर्ज मुकद्दमा अपराध संख्या 46/2024 धारा 379 आइपी सी और क्राईम नंबर 25/2024 धारा 3/5 लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम का वांछित अभियुक्त लाल बहादुर निवासी ग्राम अल्हवा होली पर्व के पूर्व से वांछित को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी जबकि एक अभियुक्त उसका पुत्र पवन कुमार उक्त मुकद्दमें में गिरफ्तार हो कर जेल भेजा जा चुका है जमानत पर छूटा है। ज्ञात हो कि लाल बहादुर अभियुक्त ने अपनी जमानत हेतु सकछन न्यायालय ने अग्रिम जमानत हेतु प्रार्थना पत्र डाला था किंतु न्यायालय ने अपराध और माल बरामदगी के अपराध के आधार पर अग्रिम जमानत नहीं दिया। उसके बाद उक्त आदेश के विरुद्ध ऐंट्री सेपेटरी बैल के लिए हाई कोर्ट में रिट किया किंतु अभी तक हाई कोर्ट ने कोई राहत नहीं दिया। कोर्ट ने वादी मुकद्दमा को भी सुना किंतु कोई अभी तक आदेश नहीं हुआ। पुलिस को धता पढ़ाता चला आ रहा है। ग्राम समाज की संपत्ति की चोरी और माल बरामदगी के वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी न होना पुलिस से निडर रहना ग्राम समाज और कानून के हित में नहीं है। तुरंत गिरफ्तारी की मांग की गई है। पुलिस के अनुसार चुनाव में ड्यूटी लगी होने के कारण गिरफ्तार नहीं किया जा सका। किंतु शीघ्र जेल भेज दिए जाने की बात कही।

## 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का मिला शव सूचना पर पहुंची पुलिस

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** रविवार की सुबह बहमलपुर गांव में 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव शिव पूजन के मकान के पीछे पेड़ के पास में दिखलाई पड़ा तभी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में एस आई अर्जुन सिंह, अमित चौबे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लिया गया व पंचनामा करवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। गांव के ग्राम प्रधान राजन तिवारी का कहना है कि मृतक कई दिनों से यहां पर रह रहा था शराब का अत्यधिक सेवन करता था इस बीच कहीं बाहर से आकर कभी सड़क के किनारे कभी बाग में अकेले ही रहता था। वहीं मामले में प्रभारी निरीक्षक अरविंद गौतम का कहना है कि शरीर में किसी भी प्रकार के कोई चोट का निशान नहीं मिले हैं वह कूड़े वगैरह बिननकर अपना जीवन यापन करता था जो जानकारी के अनुसार बताया जा रहा की वह कहीं बाहर से आकर रहने लगा था।

## बंधा रोड पर बुजुर्ग का शव मिला

**नैनी।** रविवार की सुबह नए यमुना पुल के नीचे बंधा रोड पर बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर पहुँची नैनी पुलिस द्वारा मृतक की पहचान अर्जुन लाल निषाद (60) पुत्र स्वर्गीय जीवन लाल निषाद निवासी प्राथमिक विद्यालय के पीछे,अरैल के रूप में हुई। मौके पर पहुँची पुलिस ने पंचनामा भरकर मर्चरी के लिये भेज दिया।

## शौर्य पराक्रम और बलिदान से भरा है शूरवीरों की अमर गाथा-अरुण नेटके



**सहसों।** मां भारती के इस पवित्र धरा धाम पर देश के इतिहास में पराक्रम, शौर्य एवं बलिदान से हमारे शूरवीरों की अमर गाथाओं से इतिहास के पन्ने भरे पड़े हुए हैं। उक्त विचार सुखदेव सिंह महाविद्यालय महरौड़ा सहसों के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल काशी प्रांत द्वारा आयोजित शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय दिवस के बौद्धिक सत्र में केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद अरुण नेटके ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कारगिल युद्ध भी एक जीवंत उदाहरण है कि जब हमारे बहादुर जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी और शहीद हो गए। आज इस शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के मौके पर हम सब उन सभी वीर सपूत अमर बलदानियों को सादर नमन करते हैं। उन्होंने कहा देश में मौर्य वंश की स्थापना करने वाले महान शासक चंद्रगुप्त मौर्य भारत के पहले राजा थे जिन्होंने प्राचीन भारत की लगभग सभी विखंडित राज्यों को जीता और उन्हें एक बड़े साम्राज्य में मिलाया जो हमारी सीमाएं अफगानिस्तान और फारस के किनारे तक फैली हुई थी। अरुण नेटके ने प्रशिक्षण वर्ग में मौजूद कार्यकताओं एवं स्वयं सेवकों को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि बजरंग दल के हमारे कार्यकर्ता भी ऐसे बहुत ही चुनौतियों का खुलकर सामना किया और विजय श्री हासिल किया वास्तव में बजरंग दल हिंदू समाज का शौर्य अवतार है। प्रशिक्षण वर्ग में प्रमुख रूप से महेंद्र जी, विनायक जी, आनंद शुक्ला, आशुतोष जी, दीपक जी, प्रियांशु जी, अभिमन्यु जी, देवानंद जी, मुकेश जी एवं पवन कुमार पांडे जिला संयोजक सहित आदि कार्यकर्ता एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## इलाहाबाद के गौरव एवं अस्मिता बनाए रखने के साथ साथ सर्वांगीण क्षेत्र का करूंगा विकास : उज्जवल

**मेजा के भगवंती देवी डिग्री कालेज में आयोजित सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह का हुआ जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन**



**मेजा।** इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह का रविवार को मेजा के भगवंती देवी डिग्री कालेज भूस्का में जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इसके पहले मेजारोड बाजार के पटेल चौराहे पर कार्यकताओं ने उनको माला पहनाकर पटाखा फोड़कर भव्य स्वागत किया। इसी तरह रास्ते में कई स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान भुसका में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कार्यकताओं पदाधिकारियों एवं आम जनमानस का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इलाहाबाद का गर्व एवं अस्मिता को बनाए रखने के साथ साथ हर संभव क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता होगी। इतना ही नहीं नवनिर्वाचित सांसद ने यह भी कहा कि मैं क्षेत्र की जनता के भरोसे को किसी भी कीमत पर टूटने नहीं दूंगा। इस दौरान उन्होंने बड़ों का आशीर्वाद एवं छोटों को गले लगाकर जीत की बधाई दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रबंधक संतलाल सिंह यादव व पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा बृजेश सिंह यादव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता शिवकैलाश यादव व विनोद कुमार ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता लल्लन सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख चाका राजकुमार यादव, जिपं सदस्य देशराज सिंह, जिपं सदस्य प्रमिल यादव, जिपं सदस्य बृजेश यादव, श्यामकृष्ण सिंह पप्पू यादव, राजेश सिंह यादव, वरिष्ठ समाजसेवी दिलावर सिंह,बब्बू गौतम, डॉ सत्येन्द्र सिंह यादव, रामसागर यादव मुखिया,कांग्रेस नेता नमस्ते यादव, अजीत सिंह, योगेन्द्र सिंह, राजू सिंह, हरिबिलाश यादव, ओमशंकर पाण्डेय, हर्षित पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह पटेल, रामदेव निडर कोल सहित सैकड़ों नेता व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चिलचिलाती धूप पर भारी पड़ी आस्था....

# गंगा दशहरा पर संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गंगा अवतरण दिवस (गंगा दशहरा) पर रविवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। भोर से ही श्रद्धालुओं के संगम तट पर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। चिलचिलाती धूप और 46 डिग्री से अधिक तापमान की परवाह किए बिना श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर श्री बड़े हनुमानजी मंदिर, भगवान शिव और भगवान श्रीराम जानकी मंदिर में दर्शन पूजन किया।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते संगम जाने वाले सारे रास्तों पर जाम लग गया। जीटी जवाहर और अलोपी बाग से संगम की ओर जाने वाले वैकल्पिक मार्ग पर भीषण जाम के चलते भी लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गंगा दशहरा के मौके पर संगम समेत राम घाट पर गंगा आरती और अन्य विशेष आयोजन किए गए हैं। रविवार को सुबह से ही



श्रद्धालुओं के संगम तट पर पहुंचने का दौर शुरू हो गया था। जनपद के अलावा बिहार, बंगाल, दक्षिण भारत, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। हजारों वाहनों का रुख संगम की ओर होने के कारण जाम की स्थिति पैदा हो गई है। अलोपीबाग में फ्लाईओवर के निर्माण के चलते पहले से ही रास्ता अवरुद्ध है। वैकल्पिक रास्ते से आवागमन किया जा रहा है। जाम के चलते ट्रैफिफ पुलिस भी बेबस दिखी। गंगा स्नान का प्रमुख पर्व गंगा दशहरा जिले में धूमधाम से मनाया गया। संगम स्नान के सात ही दारागंज, दशाश्वमेघ, नागवासुकी, फाफामऊ, सरस्वती घाट, बोट क्लब,



बलुआ घाट के अलावा अरैल, छतनाग नैनी आदि घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गंगा घाटों पर मेले जैसा माहौल रहा। खाने पीने के सामानों के साथ ही पूजन सामग्री और फल, फूल, माला, रोली और खिलौने की दुकानें लगी थीं। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर स्थित मंदिरों में दर्शन पूजन और जलाभिषेक किया। संगम जाने वाले मार्ग पर वाहनों की भारी भीड़ के चलते जाम की स्थिति पैदा हो गई। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गंगा स्नान के लिए संगम पर लाखों की भीड़ जुटी है। परेड मैदान से लेकर संगम तक सिर्फ भीड़ और वाहन ही दिख रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### रुद्रप्रयाग हादसा में नैनी की वंदना हुई गंभीर रूप से घायलवीडियो कालिंग पर मां ने की बात



**नैनी।** नैनी उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुए बड़े हादसे में घायल हुए लोगों में नैनी के रहने वाली वंदना शर्मा भी है। वंदना नैनी के चक रघुनाथ मोहल्ले की रहने वाली है। हादसे की खबर परिवार मिलने के बाद उनकी मां ने वीडियो कालिंग पर बेटी से बात कर हाल जाना है। परिवार के लोगों ने बताया कि बेटी वंदना शुक्रवार शाम उत्तराखंड के लिए टेंपो ट्रैवलर वाहन ही घूमने के लिए निकली थी। वंदना शर्मा मूल रूप से चक रघुनाथ नैनी की निवासी हैं। लेकिन वह सेक्टर-135 में जॉब करती हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग काफी परेशान है। हलांकि वंदना को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर मां साधना को वीडियो कॉलिंग पर बेटी से बात भी कराई गयी है। हादसे में वंदना का पैर टूट चुका है। इस हादसे की जानकारी घरवालो को शनिवार रात में दी गयी है। परिवार वालो के मुताबिक सबसे पहले इसकी जानकारी वंदना के भाई आशीष को दी गयी थी। जिसके बाद आशीष रुद्र प्रयाग पहुंच गये थे। वंदना के भाई आशीष आशीष दिल्ली सीआरपीएफ में तैनात है। अस्पताल पहुंचकर आशीष ने अपनी मां साधना शर्मा से बात कराई है। वंदना के शरीर में भी कई जगहों पर चोट आई है।

### पार्क में बैठे युवक की मौत




**झूंसी।** गर्मी इस कदर कहर बरसा रही है कि आये दिन कोई न कोई हिट वैब की चपेट में आकर अपनी जान गवा रहा है। रविवार को झूंसी न्यायनगर के सामने पार्क में बैठा एक युवक अचानक बैंच पर ही लेट गया और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। जब तब उसको इलाज मिल पाता उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान नही हो पाई। बताया जाता है कि युवक झूंसी में ही घूमता हुआ दिखाई देता था।

### सपा प्रदेश अध्यक्ष ने व्यक्त की शोक संवेदना



**झूंसी।** सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल शनिवार की शाम झूंसी कटका स्थित सपा नेता दिलीप यादव के घर पर पहुच कर शोक प्रगट किया। बीते रविवार को दिलीप यादव में माता का निधन हो गया तब। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने परिवार को ढांढस बंधाया फिर। दिलीप की माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान फूलपुर लोकसभा प्रत्याशी रहे अमरनाथ मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष पंधारी लाल यादव, कृष्ण मूर्ति यादव, अनिल यादव, नागेंद्र यादव, रणजीत यादव, कपिल यादव सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्कूल का छात्र रहस्यमय परिस्थितियों में गायब



**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर कालिंदीपुरम निवासी सक्षम सिंह उम्र 13 वर्ष पुत्र दिलीप सिंह 14 जून की शाम को घर से बाहर खेलने निकला था वह प्रतिदिन खेलने के लिए 5:00 बजे से घर के बाहर जाता है लेकिन 14 जून को खेलने निकालने के बाद सक्षम सिंह अचानक लापता हो गए हैं वह वापस घर नहीं लौटे हैं परिवार के लोगों ने उनको काफी खोज बीन की लेकिन उनकी कहीं जानकारी नहीं मिली जिस पर परिवार के लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया है पुलिस में मामले में धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और गायब बालक की खोज शुरू कर दी है।

# संगम में स्नान करते समय डूब रहे 03 युवकों को बाढ़ राहत दल व जल पुलिस की टीम ने बचाया






अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रविवार को गंगा दशहरा स्नान पर्व के अवसर पर संगम में स्नान करते समय 03 युवक अचानक गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगे। ड्यूटी पर उपस्थित बाढ़ राहत दल चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज व जल पुलिस के कर्मियों द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए डूब रहे युवकों को बचाव राहत उपकरण के माध्यम से सकुशल बचाया गया। संगम क्षेत्र में मौजूद आम जनमानस द्वारा उन्मुक्त कंठ से बाढ़ राहत दल व जल पुलिस के इस जीवन रक्षक साहसिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

### छतनाग घाट पर गंगा में डूबने से किशोर की मौत



**झूंसी।** छतनाग घाट पाठशाला के पास रविवार की सुबह एक किशोर डूब गया घंटो मशक्कत के बाद गोताखोरों ने उसके शव को बाहर निकाला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। नैका गांव निवासी अंश कुमार उर्फ सचिन 10 पुत्र स्व. बजरंगी उर्फ दिलशान निवासी पाठशाला के नीचे अपने दो दोस्तों के साथ गंगा नहाने गया था। नहाने के दौरान सचिन गहरे पानी में जा पहुंचा कर डूबने लगा और दोनों बच्चे बाहर ही थे सचिन का कपड़ा घाट पर ही मिला। साथ मे गए दोनों बच्चे डर कर अपने घर वापस चले गए और अपने परिजनों को जानकारी दी। तब घटना की जनकारी पुलिस को सूचना दी गई। गोताखोरों के साथ झूंसी थाने की पुलिस पहुंची घण्टो खोज के बाद सचिन का शव पानी से निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घाट पर स्थानीय लोगो की भीड़ जमा थी मां शकुंतला देवी का रो रोकर बुरा हाल है सचिन भाइयों में अकेला है और एक बहन है जिसका नाम राजनंदनी उम्र 15 वर्ष पिता बजरंगी उर्फ दिलशान की मृत्यु 5 वर्ष पहले हो चुकी है मां अपने दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके में रहने लगी थी और मां घर का झाड़ू पोछा करके बच्चों का जीवन यापन करती थी।

## काम का भुगतान न लगने पर ग्राम प्रधान व सचिव में कहासुनी, शिकायत

**सोरांव।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत शहावपुर में शुक्रवार को काम का भुगतान न करने पर ग्राम प्रधान व सचिव में जमकर कहा सुनी हो गई। एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए संबंधित थाने पर शिकायती पत्र दिया है। ग्राम प्रधान सहावपुर रविराज सोनकर को गांव के विकास के लिए ग्राम विकास अधिकारी विपिन दुबे की तैनाती की गई है। कार्य योजना के अनुसार गांव में विकास कार्य जैसे नाली,खड़ंजा, इंटरलॉकिंग आदि का लाखों रुपए का कार्य हुआ है। जिसका भुगतान करने के लिए ग्राम प्रधान ने कई बार सचिव को कहा लेकिन सचिव द्वारा हीला हवली होती रही। जिसको लेकर ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी सोरांव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित जिले के अधिकारियों को शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। लेकिन फिर भी भुगतान नहीं हुआ। ग्राम प्रधान का आरोप है कि बीते शुक्रवार को जब ग्राम विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवालय में आए तो उनसे भुगतान करने की बात पुनः कही गई तो वह भुगतान करने के लिए राजी नहीं हुए उल्टा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसको लेकर ग्राम प्रधान रविराज सोनकर ने थाने पर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। लेकिन दो दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस विभाग इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया। जिसको लेकर ग्राम प्रधान संघ सोरांव में आक्रोश व्याप्त है। वहीं सचिव ने भी विभागीय अधिकारियों सहित थाने पर शिकायती पत्र दिया है। ... इस बाबत खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने बताया कि काम के भुगतान को लेकर ग्राम प्रधान व सचिव में कहा सुनी हुई थी। मामला जानकारी में है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के फौवारा चौराहे (डांडी ढाल) के पास रविवार को बाइक से ससुराल जा रहे एक युवक की अज्ञात वाहन से टक्कर के बाद मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रतापगढ़ के संडौरा, हरिहरगंज निवासी पवन कुमार सिंह (31) पुत्र अमर सिंह मेडिकल स्टोर चलाता है। रविवार की दोपहर वह बिगहिया थाना घूरपुर स्थेत अपनी ससुराल बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह फौवारा चौराहा (डांडी ढाल) के पास पहुंचा वैसे ही एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। पवन के सिर में गहरी चोट आ गई। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

# नैनी नए यमुना पुल से लेकर पुराने पुल तक जाम ही जाम








अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी नए यमुना पुल से लेकर पुराने पुल तक जाम ही जाम। गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी के पावन स्नान पर्व पर गंगा स्नान के लिए आस्था का सैलाब प्रयागराज में उमड़ पड़ा, लेकिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भीषण गर्मी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। आसपास के अलावा दक्षिण भारत के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत अन्य कई प्रांतों से श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे थे। वाहनों की अधिक संख्या के कारण रीवा राजमार्ग पर जाम लग गया। नैनी लेप्रशी चौराहा से मिजार्पुर मार्ग के वाहन भी नहीं निकल पा रहे थे। भीषण गर्मी में जाम ने लोगों को बेहाल कर दिया। रीवा राजमार्ग पर तो स्थिति यह थी कि लेप्रशी चौराहे से बड़ी संख्या में वाहन कतार में लगे रहे। इस जानलेवा गर्मी में लोग वाहनों में बेहाल रहे। सवारी वाहन से तमाम लोग तो गाड़ियों से उतरकर तपती धूप मे पैदल ही संगम की ओर निकल पड़े। जाम का आलम तो सुबह से ही रहा। शहर की ओर जाने वाले मार्ग पर डांडी के बाद से ही जाम लग गया था। मुख्य मार्ग पर जाम के करण छोटे वाहन फुटपाथ से निकल रहे थे। लेप्रशी चौराहा पर जाम का असर पुराना पुल पर भी देखने को मिल रहा था। यहां भी वाहनों की कतार मुट्ठीगंज तक लगी रही। यातायात व्यवस्था को सामान्य करने के लिए पुलिस भी अपनी ओर से प्रयास कर रही थी, लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। नए पुल पर भी वाहनों की कई कतार लगी रही। नैनी के पुराने यमुना पुल पर गलत दिशा से लोग आते जाते हैं इसलिए जाम और लगता है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नैनी के नए यमुना पुल पर जाम का झाम आम बात हो गई है, दिन रात आने जाने वाले लोग जाम से परेशान ही रहते हैं, किसी मन्त्री, सांसद, विधायक, को कोई फर्क नहीं पड़ता है, कभी किसी नें जाम झेल रहे लोगों की पीड़ा को नहीं समझा।

# गंगा दशहरा पर भोजपुरी गायक गोपाल ने सुरों के जादू से बांधा समां, नन्हें कलाकारों ने भी दिखाई प्रतिभा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम के तट अरैल घाट पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय गंगा दशहरा उत्सव में रविवार को भोजपुरी गायक गोपाल राय के सुरों का जादू छाया रहा। राय को सरों में डूबते- उतराते रहे। सुर सम्राट ने शुरूआती निशा को यागदार जो बना दिया। मइया ज्ञान के डगरिया बुझात नइखे, विनइला निर्मल पानी, जै गंगा महरानी, सब लोग जात बा नहाए चल गंगा। बहिहे फिर से होइके चंगा अविरल गंगा। निर्मल गंगा को जब उन्होंने अपनी खनकती आवाज में जब इन भजनों के शब्द फूटे तो लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा वातावरण गूंज उठा ।इसके बाद अवधी लोकगायक धीरज पांडे ने तन के तमूरे में जय सिया राम-राम, जग में सुंदर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम तथा जय हो बजरंग बली- जय हो बजरंग बली और एक से बढ़कर लोकगीत की प्रस्तुति पूरे वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर



दिया। इसके बाद लखनऊ से पधारी सिजा राय ने कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि गुरु माता संत करुणामई जी ने दीप प्रज्वलित करके किया 'संगत कलाकारों में कीबोर्ड पर निहाल चतुर्वेदी, बेंजो पर रंजीत कुमार, ढोलक पर मैन चन्द्र, तबला पर जितेंद्र कुमार एवं एक्टोपैड पर प्रशांत मिश्रा ने साथ दिया। इस अवसर पर केंद्र निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा,समस्त अधिकारी, कर्मचारी सहित काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

**बाल कलाकारों ने भी दिखाई प्रतिभा :** 30 दिवसीय प्रस्तुति परक बाल नाट्य कार्यशाला का समापन अवसर पर रविवार को बाल कलाकारों ने अपने हुनर से हर किसी का ध्यान खींचा। सांस्कृतिक केंद्र परिसर में प्रशिक्षित बच्चों द्वारा सुन्दर लाल छाबड़ा के निर्देशन में थियेटर इन एजुकेशन के माध्यम से नाटक नन्हें नकलची का हास्यपूर्ण मंचन किया। नाटक में दिखाया गया है कि दूसरों की नकल करना यानी मिमिक्री करना एक हद तक सही भी है क्योंकि इससे देखने वालों को मजा आने के साथ-साथ, जिसकी नकल की जा रही है वो अगर सामने भी होता है तो उसको मजा ही आता है, लेकिन जब यही नकल दूसरों को तंग करने के लिए किया जाए तो ठीक नहीं है। इसी के साथ अरुणा शेट्टी के निर्देशन में नाटक ट्रिन-ट्रिन का भी मंचन किया गया। वर्तमान में मोबाइल की समस्या को इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने एक ज्वलंत प्रश्न खड़ा किया। छोटा हो, बड़ा हो, बूढ़ा हो, जवान हो, गरीब हो, अमीर हो, शहर का हो या गांव का फोन सबके पास है हम चाह कर भी इससे दूर नहीं जा सकते। मोबाइल पहले हमारी जरूरत थी अब आदत बन गई है। इस नाटक में सभी बाल कलाकारों ने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर केंद्र निदेशक प्रो.सुरेश शर्मा ने मुख्य अतिथि सुषमा शर्मा को तुलसी का पौधा व अंगवस्त्र भेंट किया तथा प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन हिमानी रावत ने किया। इस अवसर पर केंद्र के अधिकारी, कर्मचारी सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।





# नैनी अरैल गंगा तट पर संपन्न हुआ त्रिवेणी योग महोत्सव

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अरैल घाट पर सूर्य की पहली किरण के साथ गंगा- जमुना- सरस्वती के पावन त्रिवेणी तट अरैल घाट पर त्रिवेणी योग महोत्सव का आगाज हुआ। अरैल घाट पर रविवार को त्रिवेणी योग महोत्सव हुआ। महिला सशक्तिकरण के लिए योग थीम पर सुबह 5:30 बजे 50 मिनट तक योगाभ्यास किया गया। प्रयागराज फाउंडेशन एवं पीयूष ग्रामोद्योग सेवा समिति तथा सहयोगी संस्थाओं की ओर से आयोजित योगाभ्यास में आरोग्यम योग संस्थान की संचालिका कुमकुम आचार्या ने विभिन्न योग आसन का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने योग से होने वाले लाभ को भी बताया। ओम ध्वनि के साथ शुरू हुए योगाभ्यास का सत्र करतल ध्वनि के साथ समाप्त हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व अपर महाधिवक्ता शिवकुमार पाल, योगेश शुक्ल, शशांक शेखर पांडेय, पीयूष ग्रामोद्योग सेवा समिति के सचिव दत्तात्रेय पाण्डेय, पार्षद दिलीप जायसवाल, पार्षद मयंक यादव ने योगाभ्यास किया। यह भी संकल्प लिया गया कि इस वर्ष मानसून आने के बाद 'पेड़ लगाओ जीवन बचाओं अभियान में हिस्सा लेंगे। महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली 10 मातृ शक्तियों बबिता जायसवाल, श्वेता अग्रवाल, मोनिका नन्दा खुराना, नीतू राय, आचायर्या कुमकुम, डॉ. प्रशस्ति त्रिपाठी, मालविका शेखर, अकांक्षा पाल, कोमल श्रीवास्तव, ममता मिश्रा को त्रिवेणी रत्न सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। प्रियांशु श्रीवास्तव, आशीष शर्मा, अभिषेक सिंह, ऋषभ चौरसिया, विजय कनौजिया, नितिन, गौरव त्रिपाठी, राम रघुवीर मिश्रा, बीएन दीक्षित, कमलेश मिश्र, प्रीतांशु श्रीवास्तव, चंद्रभूषण तिवारी, सचिन द्विवेदी, ज्ञानेश्वर शुक्ला, पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, सरदार पतविंदर सिंह, श्रेता श्रीवास्तव, पुनीत अरोरा उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा पर 11551 दीपो से हुआ जगमग मां बेल्हा देवी घाट

## काशी से पधारे पुरोहितों ने कि महा आरती लगा हरिद्वार व काशी जैसा दृश्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव के पावन पर्व पर आज 16 जून को मां बेल्हा देवी धाम में रविवार की शाम दीप ही दीप जल रहे थे। घाट से लेकर मंदिर तक आदि मां सई गंगा का जयकारा लगाते भक्तों का सैलाब दिखाई पड़ रहा था। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धाम में आयोजित गंगा दशहरा महोत्सव सफलता का इतिहास रचता नजर आया। बिजली की झालरों और फूल मालाओं से सजे धाम में शाम होते ही दीप जले तो ऐसा लगने लगा मानो चांद सितारे भी अपना प्रकाश लेकर इस महोत्सव में शामिल होने आ गए हो।

काशी से पधारे पुरोहितों ने जब मां सई गंगा की महा आरती व शंख बजा कर शुभारंभ किया जैसे लगा आज मां बेल्हा देवी धाम हरिद्वार काशी जैसा नजारा देख भक्तों ने जयकारे लगाकर पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया। दीप जलाने व महा आरती में शामिल होने के लिए भक्तों का रेला उमड पड़ा था। हर कोई इस अद्भुत समय का लाभ लेना चाहता था। अध्यक्ष मुन्ना भैया की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न किए गए। मुन्ना भैया स्वयं सुबह से ही भक्तों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए जगह-जगह सारी व्यवस्था कराने में लगे हुए थे। संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि इस बार 11551 दीपों से मां बेल्हा देवी



दीपों से जगमग हुआ बेल्हा देवी घाट।

धाम को जगमग किया गया। आदि मां गंगा सई की पौराणिकता को देखते हुए गंगा आरती की तरह विधि विधान से पांच पुरोहितो द्वारा घंटा, घड़ियाल और संख के गूंज रहे स्वरों के बीच मां सई गंगा की महा आरती की गई। अफसरो, समिति के कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं, महिला, पुरुषों ने आस्था के साथ मां सई गंगा की महा आरती की। आकर्षण तब और बढ़ गया जब झाकियों का प्रदर्शन शुरू हुआ। कलाकारों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। एक ओर दीप जल रहे थे दूसरी ओर भक्ति संगीत की सरिता बह रही थी। रविवार होने के बावजूद धाम में विशाल मेले जैसा नजारा था। जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में सभी अधिकारीगण पूरे महोत्सव को सफल बनाने में लगे रहे। भीड़ अधिक होने से पुलिस प्रशासन को काफी मेहनत करनी पड़ी। 10 थानो की पुलिस, महिला पुलिस और सीओ सिटी, सदर कोतवाल, एलआयू विभाग की देखरेख में पूरी मुस्तैदी से सुरक्षा व्यवस्था को अंजाम दे रहे थे। भक्तों ने रंगोली बनाकर महोत्सव में और चार चांद लगा दिया था। दीपों से श्री गंगा दशहरा, शुभ लाभ, हर हर गंगे लिखकर भक्तों ने दीपोत्सव मनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। महा आरती के शुभारंभ होते ही आतिशबाजी का शुभारंभ हो गया था जो लगभग 2 घंटे तक चलता रहा। भक्त और महिलाओं बच्चों ने दीप जलाने व आतिशबाजी का आनंद लेकर सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। महोत्सव को भव्य बनाने में संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला, सुरेश अग्रवाल, आदर्श कुमार उमरवैश्य, सूरज उमरवैश्य, आशीष कुमार, व्यवस्थापक मंगला प्रसाद रघ्घू पंडा, जग्गू पंडा, मनोज पंडा,विवेक कुमार, जगदम्बा पंडा, मोनू पंडा, अरविंद सिंह, रंगीली पंडा, दीपक सिंह, दिव्यांशु महाराज, देव शंकर मिश्र, रूद्र शुक्ला, गणेश, प्रदीप, अमन, सुरेश मास्टर, प्रमोद आदि उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में खूनखराबा, बारह नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर दो पक्षों मे लाठी डंडे व धारदार हथियार से जानलेवा हमले को लेकर लालगंज पुलिस ने बारह नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास व बलवा एवं घर में घुसकर मारपीट समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अमिलहा ढ़िगवस निवासी बबलू सरोज की पत्नी गुड़िया देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेरह जून को गांव के कमलेश सरोज व विमलेश पुत्रगण रज्जू तथा भोला पुत्र कमलेश व रज्जू ने सरिया, लाठी व कुल्हाड़ी से लैस होकर पीडिता के पति बबलू पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियो ने गाली देते हुए उसके पति के सिर पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पति चोट अधिक लगने से बेहोश हो गया। मारपीट देख पीडिता का देवर बीचबचाव को आया तो आरोपियो ने उसे भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कमलेश समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में रविवार को केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के विमलेश की पत्नी नीलम देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि घटना के दिन रंजिश को लेकर गांव के सबलू व बबलू तथा सोहन, छोटू पुत्रगण सुरेश कुमार, विनित पुत्र राकेश, जितेन्द्र पुत्र प्रकाश, श्याम पुत्र भगवत प्रसाद, सनी पुत्र मुकेश व पांच अज्ञात महिलाओं ने लाठी डंडे व सरिया से उसे घर में घुसकर मारापीटा। बीचबचाव को पीडिता का पति व जेठ दौड़ा तो आरोपियों ने इन्हें भी जानलेवा हमले में गंभीर चोटें पहुंचायी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सबलू समेत नामजद तथा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# राजा भैया के प्रतिनिधि व बाबागंज विधायक ने नव निर्मित सड़क की गुणवत्ता जांची

## सकरदहा से दहियाँवा मार्ग पर निर्माण मे अनुयमितता की शिकायत पर पहुचे जिम्मेदार जन प्रतिनिधि

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** राजा भैया की विधानसभा मे हाल ही में बनी सड़क में निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर उसकी गुणवत्ता की जांच करने राजा भैया के प्रतिनिधि हरिओम शंकर और बाबागंज की विधायक विनोद सरोज मौके पर पहुचे। विधायक बाबागंज ने सम्बन्धित अधिकारियों के पेंच कसते हुए कहा की विकास कार्यो मे गड़बड़ी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी।

बताते चलें कि दहियावाँ-शकरदहा मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही राजा भैया के निर्देश पर मानक व गुणवत्ता का अवलोकन करने अधिकारियों सहित जनसत्ता



नवनिर्मित सड़क की गुणवत्ता की जांच करते विधायक व प्रतिनिधि।

दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज विधायक बाबागंज व राजा भैया जी के प्रतिनिधि सकरदहा पहुचे। उन्होंने सड़क निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण में कमी मिलने पर राजा भैया को वास्तविकता से अवगत कराया तो राजा भैया ने फोन के माध्यम से अधिकारियों से वार्ता किया और सम्बन्धित अधिकारियों को सड़क में सुधार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अब विकास कार्यो पर राजा भैया और उनके कार्यकर्ता विशेष ध्यान दे रहे ताकि विकास कार्य मानक के अनुरूप हो और लम्बे समय तक उसका लाभ मिल सके।

# बिजली आपूर्ति दरों में बढ़ोयरी मध्यम वर्ग पर असहनीय चोटः प्रमोद तिवारी

### राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने नहरों में पानी न पहुंचने पर किया प्रहार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में पावर कारपोरेशन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति की दरों मे दो रूपये प्रति यूनिट की वृद्धि के मसौदे को जनता पर मंहगाई की एक और असहनीय सरकारी वार करार दिया है। उन्होने कहा कि इस समय भीषण गर्मी तथा लू के चलते प्रदेश की जनता बिजली आपूर्ति में खामियों के कारण त्राहि त्राहि कर रही है। उन्होने तंज कसा



कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

कि सरकारी भाषणों मे सरकार बिजली गिरा तो रही है पर बिजली बनाने का उसे जरा सा भी फिक्र नही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ गरीब उपभोक्ताओं के भीषण गर्मी में बेरहमी से बिजली के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं। वहीं उन्होने ट्रांसफार्मर क्षमता के साथ सरकार के स्टाक में उपलब्ध नही होने के कारण ओवरलोडिंग के चलते इनके जल उठने को भी सरकारी कुप्रबन्धन की विफलता कहा है। रविवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ नहरों में पानी नही है। उन्होने कहा कि सिंचाई के लिए बिजली भी उपलब्ध नही है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि नहरों मे पानी न आने तथा कमजोर विद्युत आपूर्ति के कारण किसान धान की नर्सरी तैयार नही कर पा रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में सिंचाई के कुप्रबंधन का सीधा दुष्परिणाम किसान को फसल उत्पादन में अपनी गाढ़ी कमाई खो देने की चिन्ता साल रही है। उन्होने बिजली दरों को ग्रामीण उपभोक्ताओं को मंहगे दर पर किये जाने के पावर कारपोरेशन के फैसले को प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर जनता पर बोझ करार दिया है। इस मौके पर प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, केडी मिश्र, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, छोटे लाल सरोज, पन्ना लाल पाल, विकास मिश्र, अनिल महेश, दारा सिंह, शेरू खां, पप्पू तिवारी, श्याम लाल वर्मा, रामफेर यादव, जीतलाल पटेल, सुजीत कोरी, मुन्ना शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, दिनेश सिंह, राजू पाण्डेय, राकेश तिवारी गुडडू, रामू मिश्र आदि रहे।

# मीटर रीडर से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पांच दिन पहले मीटर रीडर के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कंधई पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट व एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया है। कन्धई थाना क्षेत्र के धूती गांव निवासी दिलीप कुमार सरोज पट्टी विद्युत उपकेंद्र पर मीटर रीडर है। दस जून को वह क्षेत्र में विद्युत बिल निकालने क्षेत्र में गया था।इस दौरान भैसौनी गांव के अंकुर, अंकित, विद्याव्रत, राहुल, सुरेश रोक लिया और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उसकी लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित कन्ध्सई थाना पहुंचकर तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इस मामले में पीड़ित सीओ पट्टी से मुलाकात किया लेकिन आरोपितो के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई। बीते गुरुवार को मीटर अध्यक्ष की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से आपबीती बताई। एसपी के आदेश पर कंधई पुलिस ने शनिवार को पीड़ित की तहरीर पर पांच आरोपितो के विरुद्ध एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजुकेशन में चल रहे समर कैम्प का हुआ आयोजन

### बच्चों ने तलवारबाजी, योगा, डांस, मार्शल आर्ट आदि का लिया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजुकेशन, अमेठी रोड, चैरा में 11 दिवसीय समर कैम्प का समापन एवं फादर्स-डे बड़े धूम-धाम से मनाया गया। विगत् 11 दिनों से बच्चों ने तलवरीबाजी, योगा, डांस, मार्शल आर्ट, सेल्फ डिफेन्स, पोट्री, स्केचिंग, ड्राइंग इत्यादि विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण लिया जिसे आज समापन के दिन प्रदर्शित किया गया।

समर कैम्प का प्रारम्भ 05 जून को पर्यावरण दिवस के दिन वृक्षारोपण के साथ किया गया। बच्चों ने अपने गमलों को रंग कर सजाया और छोटे-छोटे पौधे लगकार ये



समर कैम्प में मार्शल आर्ड का प्रशिक्षण लेते बच्चे।

शपथ ली कि इन पौधों का संरक्षण अपने परिवार के सदस्यों के जैसे करेंगें। दूसरे दिन बच्चों के नेतृत्व क्षमता को प्रखर बनाने का कार्य हुआ जिसमें स्केन्वेंजर हट में कक्षा-7 की वर्षा यादव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समर कैम्प के तीसरे दिन खाद्य सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें श्री डी0पी0 सिंह जी, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अजय कुमार तिवारी उपस्थित रहे, जिन्होने खाद्य मिलावट में जागरूकता हेतु प्रशिक्षित किया। इसके उपरान्त बच्चों ने रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट में जानकारी प्राप्त कर खरीदारी की। इसी प्रकार समर कैम्प के अलग-अलग दिवसों पर विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी जैसे नो गैस कुकिंग जिसमें कक्षा-8 के आलोक की टीम विजयी हुई, क्विज़ जिसमें युगान्तर शर्मा की टीम विजयी हुई। समर कैम्प के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को टाई एण्ड डाई, इम्ब्राइड्री, डॉ0 शुभ्रा श्रीवास्तव, कैंसर हॉस्पिटल द्वारा प्राथमिक चिकित्सा और आकस्मिक प्रतिक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने पूल पार्टी एवं कैरोके जैसे विभिन्न फन एक्टिविटी भी की। समर कैम्प का मुख्य आकर्षण डांस एवं फिनसिंग ग्लासेस रहे। समर कैम्प के आखिरी दिन बच्चों ने चिलबिला स्थित वृद्धाश्रम के वृद्धों को फल एवं अन्य उपहार देकर उन्हे सम्मानित किया। समर कैम्प के अंतिम दिन समापन के अवसर पर कार्यक्रम की शुरूवात आराधना तिवारी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से किया गया। इसके उपरांत डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव, प्राचार्या साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज, अरविन्द श्रीवास्तव, चेयरमैन वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजुकेशन, उपहार लता श्रीवास्तव, डायरेक्टर, वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजुकेशन एवं आदिनाथ सिंह, कोर्डिनेटर, वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजुकेशन द्वारा अपने आर्शिवचनों से बच्चाों का मनोबल बढाया एवं हर्षित श्रीवास्तव डायरेक्टर ने सभी आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया और अभिभावकों तथा शिक्षक-शिक्षकों को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज से डॉ0 ए0के0शर्मा, अनन्त प्रकाश शुक्ला, डॉ0 प्रभा शर्मा, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा, संजय पाण्डेय आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## महिला उत्पीड़न को लेकर अलग अलग घटनाओं में आठ के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने महिला उत्पीडन की अलग अलग घटनाओं मे आठ आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। संग्रामगढ़ थाना के महमदपुर चारपुरा निवासी रामसुमेर सरोज पुत्र राम नारायण ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी बेटी की शादी लालगंज के शीतलमऊ में हुई है। ससुरालीजन पति रोहित सरोज तथा सास अनारा व अनारा की पुत्री दहेज को लेकर उसकी पुत्री रीता के साथ आये दिन मारपीट किया करते हैं। आरोपियों द्वारा पीड़िता को घर से निकाल भी दिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ महिला उत्पीड़न व गालीगलौज तथा मारपीट का केस दर्ज किया है। इधर जेठवारा थाना के पूरनपुर खास निवासी शिवराम की पुत्री अर्चना सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दहेज में एक लाख नकद तथा एक बुलेट बाइक की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने उसके साथ गालीगलौज व मारपीट किया। पीडिता ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पति जगराम के पुत्र सचिन तथा ससुर जगराम व सास श्रीमती एवं जेठ संजय तथा देवर सुचित ने लालगंज के पड़री गांव में उसकी ससुराल में दहेज को लेकर मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियो ने पीडिता के गहने भी छीनकर रख लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रविवार को केस दर्ज किया है।

## रुद्रप्रयाग हादसे में प्रतापगढ़ की युवती की गई जान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रुद्रप्रयाग हादसे में प्रतापगढ़ की एक युवती की जान चली गई। बता दें कि महेशगंज थाना क्षेत्र के जगापुर गांव निवासी मोहिनी पाण्डेय गुड़गांव में नौकरी करती थी। मोहिनी का पैतृक घर महेशगंज में था। शनिवार को ट्रैवलर रुद्रप्रयाग में अलकनंद नदी में गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। मोहिनी अपने सहकर्मियों के साथ उत्तराखण्ड टैट्रकिंग करने के लिये गई थी, इसी दौरान हादसा हो गया। बता दें कि मोहिनी की फरवरी महीने में सगाई हो चुकी थी और शादी की तैयारी चल रही थी। मोहिनी की मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन मोहिनी की मौत की खबर सुनकर उत्तराखण्ड के लिये रवाना हुए हैं।

# पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया योगा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य व शारीरिक/मानसिक तनाव को दूर करने के दृष्टिगत रविवार को पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में आर0आई0. की उपस्थिति में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस लाइंस सभागार में मौजूद पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा योगा किया गया। इस दौरान योगा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और लोगों से अधिक से अधिक योग दिवस पर योग करने की सलाह दी गई। बता दें कि 15 से 21 जून तक योगा सप्ताह चल रहा है। 21 जून को विश्व योगा दिवस पर ये पुलिस वाले भी मुख्य कार्यक्रम में भाग लेते हैं। पुलिस अधीक्षक सतपाल



पुलिस लाइन सभागार में योगा करते अधिकारी व कर्मचारीगण।

अंतिल ने कहा कि वैसे तो हर मनुष्य के लिये स्वस्थ रहने के लिये योगा बहुत जरुरी है लेकिन पुलिस जनों को तो हमेशा मुस्तैद रहना पड़ता है, इसलिये योगा उनके फिट रहने में बहुत कारगर होगा।

## अचानक खेत में लगी आग, पाइप जलकर राख

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत में अचानक आग लगने से उसमें रखा पाइप जलकर राख हो गया। इस दौरान आसपास के लोगों ने समर सेबल चलाकर आग पर किसी तरह काबू पाया नहीं तो वह तेज हवा के चलते गांव में पहुंच जाती जिससे भीषण हादसा हो जाता। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सरखेलपुर गांव निवासी नन्हे मिश्रा के खेत मे रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। हल्ला गुहार पर जुटे ग्रामीणों ने समर सेबल चलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया।

## मदनमोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर को एम एस सी कृषि की मान्यता मिली

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदनमोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर को प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा एम एस सी कृषि के एग्रोनॉमी, हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर बॉटनी, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन विषयों में मान्यता प्रदान की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव द्वारा महाविद्यालय की इस उपलब्धि के बारे में यह सूचना दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह एवं प्रबंधक राजभवन कालाकांकर डॉ घनश्याम यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि महाविद्यालय की इस उपलब्धि से क्षेत्र के आसपास के छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे। प्राचार्य प्रोफेसर शिवम श्रीवास्तव के द्वारा यह बताया गया कि एम एससी कृषि सहित समस्त विषयों की कक्षाएं जुलाई माह से प्रारंभ हो जाएगी।

## आमने सामने बाइक की टक्कर में किशोर की मौत, दो गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक की आमने सामने टक्कर से किशोर की दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। उदयपुर थाना के राजापुर बाजार निवासी अवधेश गौड़ का पुत्र विशेष गौड़ 17 शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे किसी कार्य से राजापुर बाजार आ रहा था। दूसरी ओर से उदयपुर थाना के पूरे पाण्डेय निवासी हरिश्चंद्र सरोज का पुत्र सौरभ 16 अपने दोस्त मुबारकपुर निवासी राजा सरोज के पुत्र चन्दर 17 के साथ बाइक से राजापुर बाजार की तरफ जा रहा था। राजापुर चैराहे पर अचानक दोनों बाइकें आमने सामने टकरा गयीं। दुर्घटना मे दोनों बाइकों पर सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले गये। चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तीनों चुटहिलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर घायल विशेष गौड़ के परिजन उसका इलाज कराने अमेठी जिले के गौरीगंज असैदापुर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने विशेष को मृत घोषित कर दिया। विशेष की मौत की जानकारी घर पहुंची तो कोहराम मच गया। इधर अन्य दोनों घायलों सौरभ व चन्दर को परिजन इलाज के लिए रायबरेली लेकर पहुंचे। यहां दोनों का उपचार रविवार को भी जारी बताया गया। मृतक विशेष दो भाईयों में छोटा था। विधि का विधान एक वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में बड़े भाई की मौत के बाद छोटे भाई की भी दुर्घटना में मौत परिजनों के लिए असह पीड़ा बन गयी। उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा दशहरा पर्व : विभिन्न घाटों पर लाखों भक्तों ने किया स्नान

**जगह-जगह पर भक्तों द्वारा विशाल भंडारा और शर्बत का आयोजन किया गया**

अखंड भारत संदेश





**कौशांबी।** गंगा दशहरा के पर्व पर जिले के विभिन्न गंगा घाट कड़ाघाट कुबरीघाट कालेश्वर घाट शहजादपुर घाट पल्हाना घाट संदीपन घाट बदनपुर घाट उमरछा घाट कुरईघाट सहित विभिन्न गंगा और यमुना के घाटों में लाखों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ स्नान किया है गंगा स्नान के बाद भक्तों ने मंदिर कुटी शिवालय में विधि विधान से पूजा यज्ञ अनुष्ठान कर समाज परिवार और देश के कल्याण की कामना की गंगा दशहरा के पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय थाना पुलिस चौकी पुलिस लगातार भ्रमणशील रही और संदिग्ध व्यक्तियों पर लगातार नजर बनाए रक्खा जगह-जगह पर भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के दुर्गा मंदिर में भी विशाल भंडारे का आयोजन हुआ है अपनी पवित्रता के लिए पूजी जाने वाली मां गंगा ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन हस्त नक्षत्र में स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थी इसीलिए इस दिन को गंगा दशहरे के रूप में मनाया जाता है। अर्थात स्वर्ग से धरती पर गंगा के आने का पर्व है गंगा दशहरा। मां गंगा को संपूर्ण विश्व में सबसे पवित्र नदी माना जाता है। जब गंगा धरती पर आई, तब यहां की बंजर धरती उपजाऊ हुई और हर क्षेत्र में हरियाली छा गई, तभी से यह गंगा दशहरा पर्व मनाने की शुरूआत हुई वराह पुराण के अनुसार मां गंगे 10 पापों को नष्ट करती है इसीलिए इसे दशहरा करते हैं। गंगा दशहरे के दिन गंगा तटों एवं घाट पर बड़े-बड़े मेले के आयोजन का भक्तों ने लुफ्त उठाया है और लाखों श्रद्धालुओं ने यहां आकर गंगा नदी के पवित्र जल में स्नान कर मां का पूजन अर्चन किया गंगा दशहरा के दिन का बड़ा धार्मिक महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस शुभ दिन पर जो लोग माता गंगा की पूजा-अर्चना करते हैं उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही उनके पापों का नाश होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 16 जून 2024 को गंगा दशहरा का पर्व मनाया गया यह दिन गंगा जी को समर्पित है. गंगा दशहरा पर गंगा जी में स्नान करने से आरोग्य, अमृत की प्राप्ति होती है. पौराणिक मान्यता के अनुसार राजा भागीरथ की घोर तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा ज्येष्ठ माह के शुक्ल दशमी तिथि पर गंगा जी धरती पर अवतरित हुईं थी। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है. हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, इस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था. अपने पूर्वजों की आत्मा के उद्धार के लिए भागीरथ गंगा को पृथ्वी पर लेकर आए थे गंगा दशहरा के दिन सुबह सूर्य उदय से पहले उठकर शुभ मुहूर्त के समय गंगा नदी में स्नान कर भक्तों ने विधि-विधान से पूजा की धार्मिक ग्रंथों में मान्यता है कि अगर कोई गंगा नदी में स्नान नहीं कर पाता तो वह घर में ही गंगाजल डालकर पानी में स्नान करें. माता गंगा की पूजा अर्चना करने के साथ-साथ महादेव की भी पूजा अर्चना करें।

# स्टांप विक्रेता लूटकांड के दो बदमाश और गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी घायल आरोपी के पास से 1 लाख 46 हजार रुपए बरामद, घटना के दूसरे दिन ही पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ़्तार कर उनके कब्जे से 3 लाख 69 हजार रुपए बरामद कर लिया था।**



**कौशाम्बी।** जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में स्टाम्प वेंडर से 5 लाख 58 हजार रुपए की लूट मामले में फरार चल रहे 2 आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ़्तार कर लिया है। एक आरोपी के पास से 1 लाख 46 हजार बरामद हुआ है,जबकि पुलिस मुठभेड़ में दूसरे आरोपी को जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश का इलाज जिला अस्पातल में चल रहा है इसके पहले लूट के 3 आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सैनी कोतवाली क्षेत्र में स्टाम्प वेंडर के साथ लूट की घटना से सम्बंधित एक आरोपी एजाज अहमद को शनिवार को गिरफ़्तार किया गया था। उसके पास से लूट के 1 लाख 46 हजार रुपए बरामद हुए थे। उसी ने बताया की इस घटना में शामिल एक आरोपी फैयाज का आज ओसा नहर पुलिया के पास मिलने का वादा हुआ था। इस पर करारी और मंझनपुर पुलिस लगी हुई थी। चेकिंग के दौरान फैयाज वहां आया और उसने पुलिस टीम को देखते ही फायर कर दिया। आत्मरक्षा में चलाई गई गोली से फैयाज घायल हो गया है। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इसके पास से 315 बोर का तमंचा मिला हुआ है। इसके पहले भी फैयाज छेड़खानी के मामले में जेल जा चुका है। बता दे कि 10 जून की शाम स्टाम्प वेंडर सुरेंद्र कुमार मालवीय से सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगियामई गाँव के पास लूट की वारदात हुई थी। बदमाशो ने सारे शाम लूट की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी थी। एसपी ने लूट का खुलासा करने के लिए 5 टीमो का गठन किया था। दूसरे दिन ही पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ़्तार कर उनके कब्जे से 3 लाख 69 हजार रुपए बरामद कर लिया था। जिसमे से एक बदमाश समीर के पैर में पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगी थी।

## 2 अंतर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के कनवार गांव के पास बीती शनिवार शाम बाइक से खखरेरू निवासी वरीद खान पुत्र स्व. जान मोहम्मद अपने पत्नी के साथ सुलतान पुर घोष जा रहे थे पीछे से अपाचे बाइक सवार लुटेरों ने महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए दंपती के शोर मचाने पर ग्रामीणों और 100 मीटर दूर चेकिंग लगाए अझुवा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य और चौकी पुलिस के जवानों ने लुटेरे बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया नहीं रुकने पर घेराबंदी कर धर दबोचा। पकड़े गए बदमाशों की जांच करने पर बदमाशो ने अपना नाम सोनू पाल पुत्र रामसिंह पाल और सुनील पाल पुत्र रामसिंह पाल दोनो सगे भाई निवासी नीम सराय कालोनी मुंडेरा प्रयाग राज हाल मुकाम उमरा गेरिया थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर बताए, बदमाशो की तलाशी में 315 बोर का तमंचा जिंदा कारतूस और चोरी की अपाची बाइक बिना नंबर ,पर्स,2500रूपया,2 मोबाइल,आधारकार्ड बरामद हुआ है पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत जेल भेज दिया आरोपियों को गिरफ्तार करने में कांस्टेबल राजवीर,कांस्टेबल सुमित,कांटेबल रजनीश मौजूद रहे हैं।

# भीषण गर्मी में पानी का प्यासा राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**तालाब में पानी भरने की सरकार की योजना हुई हवा हवाई साबित**



**कौशाम्बी।** इस भीषण गर्मी में तालाबों में पानी भरे जाने के सरकार का आदेश एक बार फिर हवा हवाई साबित होता दिखाई पड़ा है पशु पक्षी पानी से व्याकुल है अधिकारी बंद बोतल का पानी पीकर मीटिंग में केवल निर्देश देने तक सीमित है जमीनी हकीकत में तालाब में पानी नहीं भरा गया है प्यास से ब्याकुल राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत के बाद में तालाब में पानी भरने की योजना पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए है। पानी के प्यास से व्याकुल राष्ट्रीय पक्षी मोर विकास खंड कौशाम्बी क्षेत्र के गुरौली गांव में पेड़ से टकरा कर जमीन पर गिर पड़ा जिससे मोर की मौत हो गयी गांव के लोगो ने इस घटना की पुलिस विभाग को सूचना दिया और गांव के कुछ लोगों का कहना है कि मोर पानी पीने के लिए भटक रहा था तभी अचानक पेड़ के टक्कर लगने से गिर गया स्थानीय लोगों ने तुरन्त पहुंचकर देखा कि तब तक मोर की मौत हो गयी गांव के लोगो ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया गया है सूचना देने के दो घंटे बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर मोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं प्यास से व्याकुल मोर के मृतक हो जाने पर ग्रामीणों ने गहरा दुःख प्रकट किया है।

## भददुरपुर गांव के तालाब में मिट्टी डालकर दबंग कर रहे कब्जा

**कौशांबी** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के भददुरपुर गांव में सरकारी तालाब में मिट्टी डालकर तालाब की जमीन में दबंग कई दिन से कब्जा कर रहे हैं कई दिनों से कई ट्रैक्टर लगाकर तालाब में मिट्टी डालकर उसकी पुराई की जा रही है बताया जाता है कि सरकारी तालाब में विंध्याचल पांडे द्वारा कब्जा किया जा रहा है सरकारी तालाब में कब्जा किए जाने के मामले की जानकारी ग्रामीणों ने राजस्व लेखपाल को दिया है लेकिन उसके बाद भी तालाब का कब्जा नहीं रुका है आरोप है कि तालाब कब्जा कराने के नाम पर लेखपाल ने अधिकारियों के नाम पर 50000 वसूल कर लिया है जिससे सरकारी तालाब पर कब्जा नहीं रुक रहा है क्षेत्र के लोगों ने अधिकारी को ध्यान आकर्षित करते हुए सरकारी तालाब पर कब्जा को रोकने की मांग की है।

# पार्वती जन्म और संध्या चरित्र सुन हर हर महादेव से गूंजा पांडाल

अखंड भारत संदेश



**तिल्हापुर मोड कौशाम्बी।** कौशांबेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट आमाकुआं कौशाम्बी में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन डॉ ओम ओझा महाराज ने पार्वती जन्म का वर्णन किया। कहा कि ब्रह्मा जी ने नारद जी से कहा कि मेरे पुत्र सनकादी ने पित्रों की तीन कन्याओं में मेना को आशीर्वाद दिया कि वह विष्णु के अंशभूत हिमालय गिरि की पत्नी होंगी। उससे जो कन्या होगी वह पार्वती के नाम से विख्यात होगी। कहा कि रामचरितमानस में भी आया है कि सती जी ने मरते समय भगवान हरि से यह वर मांगा था कि मेरा हर जन्म में शिवजी के चरणों में अनुराग रहे। इस कारण हिमाचल के घर जाकर पार्वती के रूप में प्रकट हुई। नारद जी ने हिमाचल की पुत्री का हाथ देखकर बताया कि शिवजी को छोड़कर इनका दूसरा वर नहीं हो सकता है। यदि आपकी कन्या तप करे तब भगवान शिव को वर के रूप में प्राप्त कर सकती है। इस दौरान पार्वती ने महान तप किया। कुछ दिन जल और वायु का भोजन किया। कठोर उपवास किया। जो वेल पत्र सूखकर पृथ्वी पर गिरते 3000 वर्षों तक उन्हीं को खाया। इससे उनका नाम उमा पड़ गया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक कौशांबेश्वर संकट मोचन ट्रस्ट संस्थापक बाबा बुद्धन दास महराज, आचार्य अशोक ओझा, उपाध्यक्ष संरक्षक राजू केशरवानी, रोहित मिश्र, कौशिक अग्रहरि ,विकास अग्रहरि, सचिव अंकित केशरवानी, चित्रकूट के संत खत्री बाबा,संदीप कुमार सिंह, रमेश पाल, रज्जन महराज के साथ साथ आमाकुआं के सनातन प्रेमियों के साथ सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के कार्यकताओं सहित क्षेत्रीय भक्त मौजूद रहे।

# रामपुर सुहेला एवं नॉदेमई में ससुर खदेरी नदी की खुदाई जीर्णोद्धार कार्य का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत-रामपुर सुहेला में मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहें कार्य-बनवारी के खेत से राम सुमेर के खेत तक ससुर खदेरी नदी की खुदाई/जीर्णोद्धार कार्य का भौतिक निरीक्षण किया गया।मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान मौके पर 90 श्रमिक कार्य करते हुए पाये गए। खण्ड विकास अधिकारी, सिराथू भावेश शुक्ला ने मुख्य विकास अधिकारी को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्य को 750 मीटर लम्बाई में कराया जायेंगा, वर्तमान में कुल 150 मीटर तक कार्य कराया जा चुका हैं एवं शेष कार्य जारी है। कार्य की कुल प्राक्कलित लागत 8.13 लाख है, जिसमें 3317 मानव दिवस सृजित करने का प्रावधान हैं। नदी पुनरुद्धार में औसतन 10 मीटर चौड़ाई और ढलान के अनुसार औसतन 1.6 मीटर गहराई तक खुदाई करायी जा रहीं है और 1.20 मीटर का दोनों तरफ बंधा तैयार किया जा रहा है, जिसके उपरान्त नदी में जल धारण क्षमता और वर्ष भर पानी की उपलब्धता बनाये रखने में मदद मिलेगी। जंगली जानवरों, पशु पक्षियों एवं किसानो को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बनी रहेंगी। नदी पुरुद्धार से जहाँ एक ओर मानव दिवस सृजन कर अकुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, वही दूसरी ओर जल संरक्षण तथा विलुप्त प्राय नदी को पुनर्जीवित भी किया जा रहा हैं।निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी राजमणि भारतीया, ग्राम प्रधान बड़ेलाल, ग्राम रोजगार सेवक शिवबाबू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत-नॉदेमई में भी मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहें ससुरे खदेरी नदी की खुदाई/जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान मौके पर लगभग 40 मनरेगा श्रमिक कार्य करते हुए पाये गये खण्ड विकास अधिकारी दिनेश चन्द्र ने बताया कि अब तक 1200 मीटर तक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नदी पुनरुद्धार में औसतन 10 मीटर चौड़ाई और ढलान के अनुसार औसतन 1.6 मीटर गहराई तक खुदाई करायी जा रही है और 1.20 मीटर का दोनों तरफ बंधा तैयार किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाते हुए समय से कार्य गुणवत्तापूर्ण नियमानुसार कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने उपायुक्त(श्रम-रोजगार) मनोज कुमार वर्मा को निरन्तर अनुश्रवण करने के भी निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) जयचन्द्र पाण्डेय, ग्राम विकास अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आम रास्ता वा गांव समाज की जमीन को किया जा रहा कब्जा

**लेखपाल ने बड़ेलाल यादव के निर्माण स्थल को ग्राम समाज की सरकारी जमीन की सौपी रिपोर्ट**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव में मकान का आम रास्ता सहित गांव समाज की जमीन को जबरन कब्जा किया जा रहा धमसेड़ा के जितेन्द्र कुमार पुत्र अशर्फी लाल के मकान के आम रास्ते के बगल में सरकारी खाली जमीन पड़ी है जिस पर लगा सरकारी हैन्डपम्प कई वर्षों से खराब पड़ा है उक्त जमीन को हड़पने के लिये गांव के धनराज सिंह हसं राज सिह शिवसागर विद्या सागर पुत्र बड़े लाल यादव वा मोहित सिह द्वारा हैण्डपम्प का सारा समान निकाल कर कबाड़ी के हाथ बेच लिया और उसी सरकारी जमीन में मकान निर्माण कर रहे है उसी के साथ आम रास्ते को भी दबंग घेरना चाहते हैं जितेंद्र के बिरोध करने पर दबंग पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुये बार बार गाली गलौज कर रहे है।घटना की सूचना जितेंद्र ने थाना चरवा व उपजिलाधिकारी चायल को दिया जिस पर उपजिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल से जांच के उपरान्त अख्या रिपोर्ट मांगी जिस पर मौके पर लेखपाल सतीश सरोज पहुँचे और जांच किया अपनी रिपोर्ट में लेखपाल ने बताया कि जिस पर बड़ेलाल यादव का परिवार निर्माण कर रहें है यह गांव समाज की सरकारी जमीन है जो कानूनन निर्माण अवैध है। और बड़ेलाल के परिवार को निर्माण न करने हेतु रोक दिया जिस पर लेखपाल के जाने के बाद जितेंद्र को गाली गलौज करते हुये पथराव करने लगे जिससे जितेंद्र के परिवार में कई लोगों को चोटे आयी डायल 112 नम्बर को काल करके बुलाया जिस पर दबंग भाग गये मामले की सूचना थाने में दी गयी।रोक के बावजूद 04 जून को फिर दबंग निर्माण करने लगे जिस पर जितेन्द्र ने फिर डायल 112 नम्बर काल करके पुलिस बुलाकर कार्य को बन्द कराया पुलिस के जाने के बाद उक्त दबंग एकजुट हो कर जितेन्द्र के ऊपर ईंट पथराव करने लगे मकान को तोड़फोड़ दिया जितेंद्र अपनी जान बचाने के लिए घर में घुस गया तब उसकी जान बची दबंग का हौसला इस कदर बढ़ा है कि डायल 112 पुलिस के जाने के बाद मोहित सिंह अपनी मा सुनीता देवी के साथ पिस्टल लेकर मौके पर फिर पहुँच कर गाली गालौज करते हुए जितेंद्र के घर में घुस गया उसकी पत्नी पूजा देवी को घसीटते हुए बाहर निकाल लिया और पिस्टल के बट से कई बार हाथ में मारा जिससे पूजा की चूडिया टूट गयी तथा पिस्टल के बट की चोट से खून बहने लगा फिर अपनी जान बचाने के लिए जितेंद्र ने डायल 112 नम्बर पर काल किया मौके पर पुलिस के पहुंचने के पहले से ही दबंग फिर भाग गये। घटना को डायल 112 पुलिस ने संज्ञान में लिया तथा थाने में भी सूचना दिया लेकिन उसके बाद भी दबंग पर कठोर कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद है और वह हम रास्ता और सरकारी जमीन को कब्जा कर विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं पीड़ित परिवार में मामले की सूचना डाक के माध्यम से अधिकारियों को भेजी है।

## न्यूज झरोखा

### जलकल पम्प आपरेटर की हीट स्ट्रोक से मौत

**कर्मचारी की मौत के बाद भी मौके पर नहीं पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में कार्यरत जलकल पम्प आपरेटर सतीश केसरवानी पुत्र अमृत लाल निवासी गौरा भरवारी की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई,सतीश अधिकतर रात में ड्यूटी करते थे,सुबह जब पम्प से पानी सप्लाई नहीं हुई तो लोगों ने जाकर देखा तो पानी टंकी का दरवाजा अन्दर से बन्द था, लोगों ने जब खिड़की से झांका तो आपरेटर सतीश केसरवानी की अस्त व्यस्त हालत देख तुरन्त जलकल सुपरवाइजर बृजेश मिश्रा व पम्प आपरेटर एकलाख अहमद को सूचना दिया। सूचना पर जलकल सुपरवाइजर और एकलाख अहमद पहुंचे और सीढी के माध्यम से अन्दर उतर कर देखा तो आपरेटर सतीश केसरवानी की मौत हो चुकी थी, जलकल सुपरवाइजर बृजेश मिश्रा ने इसकी सूचना सतीश के परिजनों ,नगर पालिका ईओ राम सिंह और अध्यक्ष कविता पासी के साथ पुलिस को भी दी,घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाई करने में जुट गई है। नगर पालिका के पंप कर्मी की मौत के बाद अध्यक्ष कविता पासी उनके प्रतिनिधि आशीष कुमार पासी और अधिशासी अधिकारी को अपने कर्मचारियों की मौत पर मौके पर पहुंचने का समय नहीं मिला है नगर पालिका अध्यक्ष और उनके अधिकारी इतने आराम तलब है कि उन्हें अपने कर्मचारियों की मौत से भी कोई लेना-देना नहीं है जिससे इनका कर्मचारियों के प्रति लगाव का अंदाजा लगाया जा सकता है यह अपने कर्मचारियों के दुख सुख में कितना शामिल होंगी किसी व्यक्ति के परिवार में मौत से बड़ा कोई दुख नहीं होता है और जब नगर पालिका के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी कर्मचारी की मौत पर नहीं पहुंच सके हैं तो कर्मचारियों के अन्य दुख मुसीबत पर इनसे कर्मचारी क्या सहयोग की उम्मीद रखें नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी उनके प्रतिनिधि आशीष पासी और अधिशासी अधिकारी के इस रूखे व्यवहार पर नगर के लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाए होती रही

### जल निगम पंप ऑपरेटर कमाऊ पिता के निधन से बेटियों में दुख

**भरवारी कौशाम्बी।** जल निगम पंप ऑपरेटर सतीश केसरवानी मृतक अपने पीछे दो पुत्रियां छोड़ गए है। वही मृतक सतीश पूर्व चेयर मैन कैलाश केसरवानी अध्यक्ष नगर पंचायत भरवारी के पहले से कार्यरत था उसके बाद आज उनकी मौत हो गई परंतु स्थाई नौकरी नहीं हो पाई ऐसे में घर में मृतक सतीश के अलावा घर में कोई और कमाने वाला नही है सबसे बड़ी बात तो यह है कि ऐसे में क्या नगर पालिका परिषद भरवारी उसके परिवार के लिए कोई ठोस कदम उठायेगी " मृतक तो जीवन भर नगर पालिका की सेवा करते हुए शहीद हो गया परंतु नगर पालिका अध्यक्ष और न ही अधिशाषी अधिकारी भी मौके पर नही पहुंचे भरवारी की जनता में विभाग की मुखिया एवम अधिकारी के प्रति जबर दस्त आक्रोश व्याप्त है।

### कुटी के साधु ने गंगा दशहरे पर आयोजित किया विशाल भंडारा



**कोखराज कौशाम्बी।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर कोखराज क्षेत्र के संदीपन घाट में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान किया गंगा स्नान के बाद भक्तों ने शिव मंदिर हनुमान मंदिर राम जानकी मंदिर में धूप दीप नैवेद्य गंगा के पवित्र जल फल फूल मिष्ठान बेलपत्र दूध आदि से विधि विधान से पूजन अर्चन किया इसके साथ ही यज्ञ अनुष्ठान का कार्यक्रम भी गंगा नदी के किनारे भक्तों द्वारा आयोजित किया गया गंगा स्नान पूजन और यज्ञ अनुष्ठान के बाद भक्तों ने घर परिवार के साथ देश के कल्याण की कामना माँ गंगा से कीगंगा नदी के किनारे कुटी के साधु द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां गंगा स्नान के बाद भक्तों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया गंगा दशहरा के दिन संदीपन घाट के किनारे सुबह से भंडारा शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा अनुमान लगाया जाता है कि संदीपन घाट गंगा नदी के किनारे कुटी के साधु द्वारा आयोजित इस भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसओ कोखराज पुलिस बल के साथ लगातार मौके पर मौजूद रहे और लोगों को गहरे पानी में न जाने की सलाह देते रहे पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते जेब कतरे और मनचलों की मंशा में पानी फिर गया और गंगा दशहरा स्नान के दौरान मनचले और जेबकतरे किसी घटना को अंजाम देने में सफल नहीं हुए जिससे लोगों ने राहत के सास ली भारी भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था भी पुलिस लगातार सुचारू करती रही जिससे आवा गमन में भक्तों को दिक्कतें नहीं हुई।

### रेल लाइन के पास मिला 30 वर्षीय युवक का शव



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत में केशी का पूरा व रैयादेह माफी गांव के बीच में रेल लाइन के पास एक पुरुष का शव पड़ा हुआ मिला है शरीर में गहरे जख्म के निशान थे आधी रात करीब समय 1:23 बजे थाना पुलिस को सूचना मिली कि रेल लाइन के पास युवक का एक शव पड़ा है सूचना मिलने पर चरवा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिए हैं मृतक युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास चरवा पुलिस ने किया लेकिन प्रयास के बाद भी मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी हैं मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताया जा रहा हैं। कोखराज थाना क्षेत्र संदीपन घाट थाना क्षेत्र और चरवा थाना क्षेत्र में आए दिन रेल लाइन के आसपास रक्त रंजित शव मिलते हैं कुछ मामले में मृतक की शिनाख्त हो जाती है लेकिन अधिकतर मामले में मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाती है 2 दिन पहले अभी भरवारी रेलवे स्टेशन के पास भी एक व्यक्ति का शव मिला है जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है कुछ दिन तक जांच पड़ताल और शिनाख्त का प्रयास होता है उसके बाद पुलिस ठंडा बस्ती में मामला डाल देती है मृतक कहां का है घटनास्थल तक कैसे पहुंचा है नाम पता क्या है जिंदा आया या मुर्दा लाया गया है कुछ भी खुलासा नहीं हो पता है।

### कोयला की मालगाड़ी के डिब्बे में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम और आरपीएफ ने बुझाई आग



**कोखराज कौशाम्बी।** सुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी के डिब्बे में आग लग गई है धुआं उठा देखा पायलट ने मामले की जानकारी दी प्रयागराज से कानपुर की तरफ जा रही कोयला लदी हुई मालगाड़ी के डिब्बे में अचानक आग लग गई,आग से धुआं उठता देख ट्रेन के लोको पायलट ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर और रेलवे के उच्च अधिकारियों को दी,सूचना पर पहुंची आरपीएफ और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया और ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। कानपुर की तरफ जा रही दादरी स्पेशल कोयला लदी हुई मालगाड़ी जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के सुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुँची ट्रेन के डिब्बे में अचानक आग लग गई,आग से उठ रहे धुंए को ट्रेन के लोको पायलट ने देखा तो उसकी सूचना रेलवे स्टेशन मास्टर और उच्च अधिकारियों को दी।रेलवे के अधिकारियों की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस,रेल कर्मचारी और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया।

## संपादक की कलम से

# श्रीमद मोहन भागवत कथा की 'अंतर्कथा '

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इन दिनों सुर्खियों में अचानक नहीं आ गया। संघ को सुर्खियों में लाया गया है और संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने अपनी भागवत में जो नए 'अहंकार' तथा 'मणिपुर' के अध्याय जोड़े हैं उनके पीछे भी रोचक किस्से हैं। आपको बता दूँ कि मै आज से कोई 40 साल पहले अपने एक संघी मित्र स्वर्गीय कन्हैया लाल बजाज 'लालकवि' के साथ संघ की एक शाखा में गया था। वे मेरे ससुर के मित्र थे और आग्रहपूर्वक मुझे संघ की शाखा में ले गए थे। तब संघ की अपनी कोई भागवत नहीं थी।

दरअसल संघ की मौजूदा करवट के पीछे अयोध्या से भाजपा की पराजय का दुःख किसी को नहीं है, डॉ मोहन भागवत और इंद्रेश कुमार जैसे संघियों को दुख इस बात का है कि वहाँ से एक दलित कैसे जीत गया ? आपको याद् रखना चाहिए कि भारत का दलित समाज विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के बजाय नवें अवतार भगवान बुद्ध की पूजा करता है। हकीकत ये है कि अयोध्या में अवधेश प्रसाद की जीत सनातन धर्म परंपरा की जीत है और जातीय राजनीति धार्मिक राजनीति की करारी हार।अयोध्या में भाजपा की हार से आहत परमपूज्य मोहन भागवत हार के इस मुद्दे से देश का ध्यान भटकाने के लिए नये नये बयान देने में लगे हैं मुझे लगता है कि ये सिलसिला अभी लम्बे समय तक चलेगा।

एक कटु सत्य ये भी है कि मणिपुर की दोनों सीटों पर बड़ी पराजय के साथ पूर्वोत्तर भारत कमजोर हो रही भाजपा के कारण श्रीमद मोहन भागवत कथा शुरू हुई है। 'संविधान बचाओ' का मुद्दा भाजपा को कम, संघ को ज्यादा परेशान कर रहा है। क्योंकि भाजपा संघ का राजनीतिक विंग है। एक कटु सत्य ये भी है कि भाजपा के लगातार सत्ता में रहने के बावजूद संघ का प्रसार देश में नहीं हो पाया है। संघ दस साल से स्वयंसेवकों को मूर्ख बना रहा है। कागजों पर शाखाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है, परंतु गाँव मोहल्ले से गायब हो गई है

आपको याद रखना होगा कि भाजपा एक स्वतंत्र राजनीतिक दल नहीं है, अपितु संघ का एक आनुषंगिक संगठन है। मातृ संगठन होने के कारण संघ, भाजपा को बचाने के लिये पहले से ही तमाम कोशिशों करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। देशभक्त संगठन होने का दावा करने वाले संघ और उसके समस्त आनुषंगिक संगठनों का अग्निवीर योजना पर मोहन भागवत ने कभी नहीं बोले।

संघ की श्रीमद मोहनभागवत में जो भी तब्दीली आप देख रहे हैं उसके पीछे आम चुनाव में भाजपा के कमजोर होकर उभरना है। संघ नहीं चाहता कि इस पराजय से भाजपा के प्रति जनता में अनास्था और बढ़े, इसलिए संघ ने अपना पैंतरा बदलते हुए न सिर्फ मणिपुर का राग अलापा बल्कि 'अहंकार' को भी मुद्दा बनाया। संघ लगातार भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहा है। संविधान को आसन्न खतरे के मुद्दे पर चूंकि संघ स्वयं आरोपित हैं, इसलिए इस मुद्दे पर कुछ न कहते हुए चुप्पी साध रखी है। भाजपा के नेतृत्व को 'अहंकारी' कहने वाला संघ चीन के मामले में भी खतरनाक रूप से सरकार के साथ है। इस मामले पर न तो राहुल गांधी के आरोप पर सरकार कुछ बोल रही है न संघ। उल्टा संघ सरकार की पीठ थपथपा रहा है। [ मणिपुर का मामला अपवाद है ] मोशा जोड़ी की आलोचना करने वाला संघ बढ़ती बेरोजगारी और तीस लाख खाली पद भरने के लिए कुछ भी कहने बोलने को तैयार नहीं है

इसीलिए मै कहता हूँ कि- सुनो इंडिया गठबंधन ! मोहन भागवत जी ने जो कहा उसकी अनदेखी करिए। बिल्कुल अनदेखी करिए। उस पर बात ही मत करिए। संघ आईएनडीआईए गठबंधन कि अपने एजेंडा में फंसा रहा है। यदि इंडिया गठबंधन संघ के झांसे में आ गया तो अपना एजेंडा भूल जाएगा। अपने घोषणा पत्र पर अमल के लिए केंद्र और राज्य सरकारों पर दबाव बनाना भूल जाएगा ? संघ और भाजपा के गठजोड़ का सबसे बड़ा प्रमाण ये है कि डॉ भागवत एवं इंद्रेश कुमार के आरोपों के बारे में न प्रधानमंत्री कुछ बोले हैं और न भाजपा के कामचलाऊ अध्यक्ष जेपी नड्डा। ये लोग बोलेंगे भी नहीं, क्योंकि हैं तो दोनों एक ही थैली के चट्टे-बट्टे। संघ नए-नए विवादों के जरिये लोकसभा में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनावों को लेकर भी विपक्ष कि एकजुटता को प्रभावित करने कि कोशिश कर रहा है। एक बात और कि यदि भागवत जी भाजपा सरकार से नाराज होते तो जेड प्लस सुरक्षा लेकर देशाटन न कर रहे होते। यदि वे सचमुच सरकार से नाराज हैं तो सबसे पहले जेड प्लस सुरक्षा वापस करें। अपने स्वयं सेवकों की अभिरक्षा में रहें। आगे क्या होगा वो भगवान ही जाने।

# संविधान बदलने का मुद्दा भाजपा पर पड़ा भारी

**- प्रो. रविकांत**

संविधान बचाने का मुद्दा इतना असरदार था कि दलित समाज की दो बड़ी जातियां-कोरी और धोबी को इंडिया गठबंधन द्वारा एक भी टिकट नहीं दिए जाने के बावजूद बड़े पैमाने पर इन जातियों ने सपा और कांग्रेस को वोट दिया। यही कारण है कि यूपी में 75 सीटें जीतने का सपना देखने वाली भाजपा केवल 33 सीटों पर सिमट गई। 70 फीसदी से अधिक दलित वोट भाजपा के विरोध में गया।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 240 सीटों पर सिमट गई। हालांकि एनडीए को मिली 293 सीटों पर जीत के साथ नरेंद्र मोदी सरकार बनाने में कामयाब रहे। ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मोदी के अहंकार की हार है। इससे मोदी का गुरुर टूटा है। लेकिन भारत जैसे सामंती समाज में क्या अहंकार को इतना निकृष्ट माना जा सकता है? भाजपा के पास पूंजी, प्रबंध और प्रचार तंत्र की व्यापक मौजूदगी के बावजूद नरेन्द्र मोदी की हार का असली कारण क्या है? यह भी सच है कि राम मंदिर राजनीतिक मुद्दा नहीं बनने के बावजूद जनवरी-फरवरी में विपक्ष बहुत उत्साहित नहीं था। विपक्ष ना तो एकजुट था और ना ही उसके पास संसाधन थे।

कांग्रेस का बैंक खाता सील कर दिया गया था। चुनाव के पहले से लेकर चुनाव के दरमियान भी विपक्षी नेताओं पर ईडी और इनकम टैक्स की छापेमारी होती रही। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन जैसे दो मुख्यमंत्री जेल भेज दिए गए। सैकड़ों विपक्षी नेताओं को ईडी के डर और प्रलोभन के जरिए भाजपा में शामिल कराया जाता रहा। यानि विपक्ष को निहत्था बनाकर नरेंद्र मोदी 400 सीटें जीतने के इरादे से चुनावी मैदान में दाखिल हुए। इसी उत्साह या अहंकार में नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया। 400 सीटें क्यों जीतना है? इस पर भाजपा के अनेक नेताओं और प्रत्याशियों ने बेबाक बयान दिए। उनका कहना था कि संविधान बदलने के लिए इतना बड़ा बहुमत चाहिए। संविधान बदलने का मतलब है कि हिंदू राष्ट्र बनाना और मनुस्मृति के आधार पर नया संविधान लिखा जाना। भाजपा की हार का सबसे बड़ा कारण यही नारा बना। संविधान बदलने की बात पर सबसे ज्यादा प्रतिक्रिया दलित समाज में हुई। इसका असर आदिवासी और पिछड़े समाज में भी हुआ। लेकिन दलितों के लिए यह सिर्फ अधिकारों का नहीं बल्कि भावुकता का भी मुद्दा बना। उनके लिए संविधान सिर्फ एक कानून की किताब नहीं, केवल अधिकारों की गारंटी नहीं बल्कि बाबा साहब अंबेडकर के शब्दों और सपनों का संग्रह भी है। यह भी गौरतलब है कि पिछले एक दशक से जिन राज्यों में दलित समाज के बीच बहुजन नायकों की जयंतियां मनाई जा रही हैं, संविधान की प्रस्तावना दोहराई जा रही है, वहां इस बार भाजपा को शिकस्त झेलनी पड़ी। इसका सबसे बड़ा उदाहरण उत्तर प्रदेश है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने की विधवाओं के हित में खास पहल

## विधवाओं के संरक्षण के लिए जारी किया परामर्श, अब आसान नहीं होगा विधवाओं पर अत्याचार

**हेमलता म्हस्के**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने विश्व विधवा दिवस 23 जून के पूर्व ही विधवाओं के हित में खास पहल की है। अभी तक हर जगह विधवाओं की उपेक्षा की जाती रही है। अब यह संभव नहीं होगा क्योंकि दो दिन पहले ही 12 जून को एनएचआरसी ने विधवाओं के मानवाधिकारों के संरक्षण पर परामर्श जारी किया है। परामर्श के जरिए केंद्र और राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों द्वारा 10 प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया है।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में कोरोना महामारी के दौरान विधवा प्रथा उन्मूलन की दिशा में एक बहुत बड़ा आंदोलन शुरू हुआ है। अब महाराष्ट्र राज्य में जब भी किसी महिला के पति की मौत होती है तो विधवा हुई महिलाओं के मंगल सूत्र नही उतारे जाते, ना चूड़ियां तोडी जाती है और न कुंकुम सिंदूर ही पोछे जाते हैं। इस आशय का एक सर्कुलर भी महाराष्ट्र सरकार ने पिछले साल जारी किया है। राज्य की हजारों पंचायतों में राज्य सरकार के सर्कुलर को लागू किए गए है और शेष बची पंचायतों में भी लागू करने के लिए सामाजिक कार्यकताओं और पंचायत सदस्यों की कोशिश जारी है। यह आंदोलन अब गोवा में भी फैल गया है। फिर दिल्ली में सावित्री बाई सेवा फाउंडेशन पुणे ने अनेक संस्थाओं के साथ दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर विश्व विधवा दिवस का आयोजन किया था। महाराष्ट्र में विधवा प्रथा विरोधी आंदोलन में आज भी हजारों महिलाएं लगी हुई हैं। इन आंदोलनरत महिलाओं के लिए आयोग की सिफारिशें एक ताकत बन कर आई है। सावित्री बाई सेवा फाउंडेशन की सचिव हेमलता म्हस्के और वैधव्य मुक्ति अभियान की राष्ट्रीय संयोजक बरखा लकड़ा ने आयोग की पहल का स्वागत किया है। मानवाधिकार आयोग ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और संबंधित राज्य विभागों को भी सलाह दी है कि वे अपनी वेबसाइटों पर विधवाओं के लिए सभी सरकारी गृहों का एक केंद्रीकृत डेटाबेस रखें। इसी के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जिला स्तर पर एक टीम की तैनाती की सिफारिश की गई है, जो इन आश्रमों और घरों का दौरा कर स्वास्थ्य, मनोरंजन और कौशल विकास सुविधाओं सहित रहने की स्थिति की निगरानी करेगी, ताकि उन्हें रोजगार और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिल सके। परामर्श में विधवाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से उन तक पहुंचना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने परामर्श जारी करने की आवश्यकता इसलिए महसूस की क्योंकि उसने देखा कि विधवा महिलाओं को अपने पति को खोने के भावनात्मक संकट के अलावा, अक्सर कई अन्य चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है, जिनमें सामाजिक बहिष्कार, आय का नुकसान और यहां तक कि निवास का नुकसान भी शामिल है।

आयोग के महा सचिव भरत लाल ने कहा है कि 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत में विधवाओं की कुल आबादी 5.6 करोड़ है, । विधवा महिलाओं को अक्सर अपने पति की मृत्यु के बाद खुद की देखभाल करने के लिए छोड़ दिया जाता है। अपने परिवारों से पर्याप्त सहायता और वित्तीय स्वतंत्रता की कमी के कारण, उन्हें समुदाय से अलग-थलग कर दिया जाता है, यहाँ तक कि उन्हें अपना घर छोड़कर आश्रय गृहों/आश्रमों में



शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। निरक्षरता का प्रचलन और बढ़ती उम्र के कारण उनकी स्थिति और भी खराब हो जाती है।

इसलिए, विधवा महिलाओं के समग्र कल्याण पर विचार करते हुए, एनएचआरसी, भारत ने अपने परामर्श में केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों द्वारा कार्रवाई के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों और अन्य उपायों पर ध्यान केंद्रित किया है। इनमें उनके उचित पहचान दस्तावेज सुनिश्चित करना, उनके लिए आश्रय गृहों का विकास और रखरखाव, संपत्ति तक समान पहुंच; अपने घरों से बेदखल होने से रोकना और शोषण से सुरक्षा, कौशल विकास का प्रावधान और स्थायी आजीविका तक पहुंच, आसान बैंकिंग और वित्तीय स्वतंत्रता तक पहुंच, स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच, सामर्थ्य और उपलब्धता, मानसिक स्वास्थ्य, समुदाय आधारित नेटवर्क, निराश्रित विधवाओं के मुद्दों के बारे में डेटा की कमी, साहित्य का उपयोग और पहले दिए गए सुझावों सहित 17वीं लोकसभा में सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल द्वारा पेश 'विधवा (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक, 2015 भी तैयार किया गया।

**अन्य सिफारिशों के अलावा कुछ सिफारिशें इस प्रकार हैं;**

- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट के साथ-साथ सभी संबंधित राज्य विभागों की वेबसाइटों पर विधवाओं के लिए सभी सरकारी संचालित गृहों का एक केंद्रीकृत डेटाबेस होना चाहिए।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय जिला स्तर पर एक टीम तैनात कर सकता है जो इन आश्रमों और घरों का तिमाही दौरा कर स्वास्थ्य, मनोरंजन और कौशल विकास सुविधाओं सहित उनके रहने की स्थिति की निगरानी करेगी ताकि उन्हें रोजगार और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिल सके।
- कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त को भोजन, आश्रय, सम्मान और संपत्ति की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।
- प्रत्येक जिले में एक समर्पित "विधवा प्रकोष्ठ" का गठन किया जाएगा जो विधवाओं के लिए योजनाओं के लिए एकल खिड़की के रूप में काम कर सके।
- सभी आश्रय गृहों का विधवा प्रकोष्ठ में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि इनमें क्षमता से अधिक भीड़ न हो।
- आवंटित सार्वजनिक और निजी आश्रय गृहों में और उसके आसपास रहने वाली सभी विधवाओं के आधार कार्ड बनाए जाने चाहिए ताकि उन्हें विभिन्न योजनाओं के लाभों की निगरानी सुनिश्चित की जा सके।
- विधवाओं को उचित पहचान पत्र उपलब्ध कराना ताकि वे सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठा सकें तथा यह सुनिश्चित किया जा सके कि विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र के अभाव में उन्हें इनसे वंचित न किया जाए।
- कानूनी सहायता प्रदान करके और इस अधिकार के बारे में उनमें जागरूकता पैदा करके संपत्ति के उत्तराधिकार के उनके कानूनी अधिकार के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना।
- उन्हें न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एनआईएलपी) जैसे शिक्षा कार्यक्रमों और अन्य कार्यक्रमों में नामांकित करने का प्रयास करें ताकि उन्हें वित्तीय साक्षरता सहित कम से कम बुनियादी साक्षरता दी जा सके। आश्रय गृह और आश्रम विधवाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थानीय गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी कर सकते हैं।
- विधवाओं को स्वरोजगार और उद्यमशीलता गतिविधियों के लिए स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बनाने के लिए प्रोत्साहित करना।
- संबंधित एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी विधवाओं के पास प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत बैंक खाता हो।
- मानसिक स्वास्थ्य सहायता और देखभाल की आवश्यकता वाली विधवाओं के लिए विशेष देखभाल की व्यवस्था की जानी चाहिए और उनके सुधार को सक्षम बनाया जाना चाहिए।
- आंगनवाड़ी, अनाथालयों और प्राथमिक विद्यालयों में विधवाओं के ज्ञान और अनुभवों के उपयोग को प्रोत्साहित करना, ताकि उन्हें उद्देश्य की भावना मिल सके और बच्चों के जीवन कौशल में वृद्धि हो सके।
- पुनर्विवाह या जीवनसाथी खोजने की इच्छुक विधवाओं को उपयुक्त एजेंसियों/एनजीओ से जोड़ा जाना चाहिए।
- विवाह या संबंध विफल होने, या पति या पत्नी की मृत्यु हो जाने की स्थिति में विधवा को बिना किसी नई औपचारिकता के आश्रय गृह में लौटने का विकल्प होना चाहिए।
- राज्य सरकार विधवा पुनर्विवाह के लिए मौजूदा योजनाओं के तहत विवाह के लिए उपयुक्त धनराशि भी उपलब्ध करा सकती है।
- परित्यक्त विधवाओं की दुर्दशा से निपटने के लिए उपयुक्त कानून की आवश्यकता है, जैसे कि सती प्रथा के खिलाफ कानून।
- आश्रय गृहों और आश्रमों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए गैर सरकारी संगठनों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) से जोड़ना चाहिए।

# नागरिक उठायें विश्व शांति के पक्ष में आवाज

मंगलवार को प्रकाशित हुई ग्लोबल पीस इंडेक्स की रिपोर्ट चिंताजनक है। इसके अनुसार हाल में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में 56 संघर्ष हुए हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद के पिछले लगभग 8 दशकों में इतनी अधिक अशांति कभी नहीं रही। यह रिपोर्ट आंकड़ों में प्रकाशित हुई है लेकिन ऐसी अशांति दुनिया को किस ओर ले जा रही है, यह बतलाने की जरूरत नहीं। इन संघर्षों के कारण होती तबाही से विकास पीछे रह जाता है। रिपोर्ट दुनिया भर में शांति बहाली के नये प्रयासों की जरूरत को भी दशार्ती है। संघर्षों में एक ओर देशों को अपने बजट का बड़ा हिस्सा सेनाओं, गोला-बारूद आदि पर खर्च करना पड़ता है जिसके कारण नागरिकों की सुविधाओं में कटौतियां होती हैं। विस्थापन, मौतें, भुखमरी, बीमारियां, अशिक्षा आदि युद्धों का प्रत्यक्ष प्रतिफल है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, आवास व्यवस्थाएं या तो सीधी लड़ाइयों में बर्बाद होती हैं अथवा उन पर खर्च करना उन देशों की सरकारों के लिये कठिन हो जाता है जो संघर्षों में शामिल होते हैं। वैश्विक शांति के बिना मानव के विकास और उसकी गरिमा की कल्पना नहीं की जा सकती। यह स्थिति सभ्य समाज के अनुकूल नहीं है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 11 करोड़ लोग लड़ाइयों के चलते विस्थापित हुए हैं या शरणार्थी शिविरों में जीवन जी रहे हैं।

रिपोर्ट में बतलाया गया है कि 92 देशों की सीमाओं पर या तो युद्ध जारी हैं अथवा वहां युद्ध सदृश्य परिस्थितियां हैं। 97 देशों में शांति की स्थिति में गिरावट दर्ज की गयी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोप के तीन चौथाई देशों ने रक्षा बजट में व्यापक बढ़ोतरी की है। वहां पिछले दो वर्षों से अशांति बनी हुई है। ऐसे ही, इजरायल के साथ फिलीस्तीन, ईरान आदि की लड़ाइयों के कारण बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है। हजारों लोग मारे गये हैं और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। इन युद्धों के कारण अधोरचना का विनाश सर्वाधिक होता है। सड़कें, पुल, स्कूल भवन, अस्पताल, आवासों को जो क्षति होती है वह नागरिकों का सीधा नुकसान है। युद्ध चलते तक पुनर्निर्माण सम्भव नहीं होता और युद्ध रूकने के बाद देशों को बदहाली से उबरने में वर्षों लग जाते हैं। युद्ध के कारण माली हालत जर्जर हो जाती है। इन देशों के नागरिकों को अपना जीवन बदहाली में काटना होता है। अशांति का असर किस प्रकार से लोगों के जीवन पर पड़ता है वह इस तथ्य के आधार पर आंका जा सकता है कि इस रिपोर्ट में बताया गया है कि लड़ाइयों के कारण 19 लाख करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ है जो दुनिया की जीडीपी का 13.5 फीसदी है- अमूनन प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपये का नुकसान।

इन स्थितियों में संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। अक्सर माना जाता है; और जो बड़े पैमाने पर सही भी है कि बड़े व शक्तिशाली देशों पर संयुक्त राष्ट्रसंघ का बस नहीं चलता। उपरोक्त उल्लिखित दोनों ही देशों में ऐसा होता दिखा है। यहां यह भी समझ लेना जरूरी है कि बहुत से शक्तिशाली देश हथियार उत्पादक भी हैं जिनकी दिलचस्पी शांति में कम युद्ध या तनाव की स्थिति को बनाये रखने में होती है। दुनिया में चाहे शीत युद्ध समाप्त हो गया हो और विश्व एकध्रुवीय बन गया हो तब भी किसी संघर्ष या युद्ध के दौरान देखा जाता है कि दुनिया दो धड़ों में विभाजित हो जाती है। कुछ देश लड़ाई में शामिल एक पक्ष के साथ खड़े होते हैं तो कुछ दूसरे पक्ष के साथ। लड़ाई हो या न हो, परन्तु तनाव की यह स्थिति भी शक्तिशाली व हथियार निमार्ता देशों के मुफीद होती है। लड़ने के लिये अथवा सुरक्षा के मद्देनजर उनके हथियार बिकते हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ एवं तटस्थ देशों की शांति की अपीलों को अनसुना कर कई देश तनाव को बढ़ाने के प्रयास करते हैं।

इस रिपोर्ट में दक्षिण एशिया के सम्बन्ध में जो रिपोर्ट है वह कुछ सुकून भरी हो सकती है। पिछली रिपोर्ट के बाद भारत एवं उसके पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, श्रीलंका आदि की रैंकिंग सुधरी है। भारत के परिप्रेक्ष्य में कहें तो उसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। तीसरी दुनिया कहे जाने वाले एशियाई, अफ्रीकी व लातिन अमेरिका के अविकसित व विकासशील देशों को अशांति का खामियाजा अधिक भुगतना पड़ता है। गुट निरपेक्ष आंदोलन के एक तरह से निष्क्रिय हो जाने के बाद भारत की ओर से शांति की पहल होनी बन्द हो गयी है वरना इन परिस्थितियों में उसकी सुनी जाती थी।

# अमन और सद्भाव सबसे बड़ी जरूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत हो चुकी है। शपथग्रहण के बाद अब मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा भी हो गया है, जिसमें कोई बड़ा फेरबदल नहीं हुआ है। गृह, रक्षा, विदेश, वित्त और रेल मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग अब भी उन्हीं मंत्रियों के पास हैं, जिनके पास पिछली बार थे। जबकि इस बार सरकार का गठन जिस तरह जदयू और तेदेपा के साथ मिलकर हुआ है, उसमें कयास लगाए जा रहे थे कि ये दल अपने लिए महत्वपूर्ण विभाग मांग सकते हैं। अब संभवतः लोकसभा अध्यक्ष को लेकर कोई बड़ा फैसला देखने मिले। लेकिन पुराने मंत्रियों को नयी सरकार में वही विभाग देकर नरेन्द्र मोदी ने यह संदेश देने की कोशिश शायद की है कि उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आने वाला है। जिस तरह पिछली दो सरकारें उन्होंने चलाईं, इस बार भी वैसे ही चलाएंगे। अपने इस मंसूबे में वे कितने कामयाब होते हैं और क्या उनके गठबंधन के बाकी साथी उनकी कार्यशैली को सहजता से स्वीकार करते हैं, यह आने वाले वक्त में पता चलेगा। लेकिन देश के जो मौजूदा हालात हैं, उन्हें देखकर प्रधानमंत्री को यह सलाह दी जा सकती है कि वे कम से कम अब घटनाओं और स्थितियों की उपेक्षा करने या अपनी राजनैतिक सुविधा-असुविधा से ऊपर उठकर आम जनत के हित को देखते हुए आवश्यकतानुसार कार्रवाई करें।



जिस दिन प्रधानमंत्री शपथ ले रहे थे, उसी दौरान जम्मू-कश्मीर में एक आतंकी हमला हुआ। वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं को इस बार निशाने पर लिया गया। ऐसी किसी भी घटना की फौरन निंदा होनी चाहिए और मृतकों, घायलों की जाति, धर्म को न देखकर सभी के लिए संवेदना जताई जानी चाहिए। मगर कुछ लोगों ने इसमें भी राजनीति करने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर इस घटना के बहाने घृणा फैलाने के प्रयास दिखने लगे। इधर मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने सोमवार को जिरीबाम जा रहे पुलिस काफिले पर घात लगाकर हमला किया। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। यह घटना मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के जिले के दौरे से ठीक पहले हुई है। अमूमन शांत रहने वाले जिरीबाम जिले में पिछले हफ्ते से तनाव बढ़ रहा है। इसलिए बीरेन सिंह वहां का दौरा करने वाले थे, तभी यह हमला हुआ। इसके बाद से मणिपुर में फिर से जातीय तनाव तेज होने की आशंका जतलाई जा रही है। वैसे भी एक साल से अधिक वक्त से मणिपुर अशांत है। कुकी और मैतेई समूहों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में मानवता ने पूरी तरह से दम तोड़ दिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री से सहज अपेक्षा थी कि वे कम से कम एक बार इस अशांत प्रदेश में जाते और अमन कायम करने की कोशिश करते। लेकिन श्री मोदी ने इस ओर निराश ही किया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह भी स्थितियों को संभालने में नाकाम रहे हैं, फिर भी पद पर बने ही हुए हैं। एक बार आधे-अधूरे तरीके से इस्तीफे की पेशकश उन्होंने की, लेकिन इससे राज्य में शांति बहाली नहीं हुई।

अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी इस मामले में बड़ा बयान देते हुए एक तरह से नयी सरकार को नसीहत दी है। नागपुर में संघ के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि 'मणिपुर में शांति का इंतजार करते हुए एक साल हो गया है। पिछले 10 सालों से राज्य में शांति थी, लेकिन अचानक राज्य में फिर से बंदूक संस्कृति बढ़ गई। ऐसा लगता था कि पुरानी बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है। वहां अचानक कलह उपज गया या उपजाया गया, उसकी आग में अभी तक जल रहा है, त्राहि-त्राहि कर रहा है और उस पर ध्यान नहीं है? प्राथमिकता देकर इस पर विचार करना हमारा कर्तव्य है।ज यहां हमारा से आशय निश्चित ही केंद्र सरकार से है। हमारा कहकर संघ प्रमुख ने बता दिया कि भाजपा अब भी उन्हीं की है, अब भाजपा संघ को कितना अपना मानती है और कितना नहीं, यह जे पी नड्डा ही बता सकते हैं। बहरहाल, संघ प्रमुख की नसीहत बिल्कुल सही है। बंदूक संस्कृति या जातीय, सांप्रदायिक हिंसा के लिए कहीं भी जगह नहीं होनी चाहिए। अगर आग लगे तो उसे फौरन शांत करने के उपाय होने चाहिए। ऐसा नहीं होने पर कितने गंभीर परिणाम होते हैं, मणिपुर इसका ज्वलंत उदाहरण है।

अशांति की चिंगारी इस वक्त छत्तीसगढ़ में भी भड़की है। यहां के बलौदाबाजार में एक उग्र प्रदर्शन में कलेक्टर और एसपी के दफ्तरों में ही आग लगा दी गई, इसके अलावा सौ से ज्यादा गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया गया, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता को भी आतंकित किया गया। हालात ऐसे बन गए कि अब यहां धारा 144 लागू करनी पड़ रही है।

दरअसल 15-16 मई की आधी रात को अज्ञात लोगों ने सतनामी समुदाय के धार्मिक स्थल गिरौदपुरी धाम से करीब पांच किमी मानाकोनी बस्ती स्थित बाघिन गुफा में लगे धार्मिक चिन्ह जैतखाम को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस प्रशासन ने इस पर तत्काल कार्रवाई भी शुरू कर दी, लेकिन सतनामी समाज के लोग इससे संतुष्ट नहीं हुए। 9 जून को गृहमंत्री ने न्यायिक जांच के आदेश भी दिए और 10 जून को सतनामी समाज के लोगों ने दशहरा मैदान में प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी। लेकिन इस दिन अप्रत्याशित रूप से कम से कम 5 हजार लोगों की भीड़ जमा हो गई और उसके बाद अविचारित हिंसा और तोड़-फोड़ का ऐसा आलम हुआ कि इस राज्य के लोग हतप्रभ हैं। छत्तीसगढ़ नक्सल समस्या से तो ग्रस्त रहा है, लेकिन सांप्रदायिक, जातीय उन्माद के लिए यहां कोई जगह नहीं रही। पिछली भूपेश सरकार के वक्त साजा के बीरनपुर गांव में भुवनेश्वर साहू की हत्या और दो दिन बाद दो मुस्लिम युवकों की हत्या की सांप्रदायिक घटना हुई थी। इसके बाद अभी दो दिन पहले इसी राज्य के आरंग में मवेशी ले जाने वाले दो लोगों की भीड़ ने हत्या कर दी, जिसकी जांच के लिए सरकार ने एसआईटी का गठन कर दिया है।

# भीषण गर्मी का कहरः बुखार-पेट दर्द से पांच की मौत, सात जिला अस्पताल में भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीषण गर्मी के कहर के चलते उल्टी-दस्त, पेट दर्द के मरीजों की तादाद बढ़ने से पांच लोगों की मौत हो गई। बुखार-पेट दर्द के सात मरीजों को इलाज को अस्पताल में भर्ती कराया है।

रविवार को मानिकपुर थाने के गांधीनगर के अवधेश ने बताया कि बड़े भाई कमलेश (58) को चार दिनों से बुखार आ रहा था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद खोह अस्पताल भेजा था। हालत सही न होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया था। शुक्रवार को जिला अस्पताल में भर्ती के बाद शनिवार की दोपहर इलाज दौरान मृत्यु हो गई।


अस्पताल में भर्ती मरीज।

कर्वी कोतवाली के माफी कर्वी के रामभगत (70) की जिला अस्पताल में इलाज दौरान मृत्यु हो गई। रैपुरा थाने के बघवारा गांव के राजाराम (80) को बुखार के चलते पुत्र सतीश कुमार जिला अस्पताल ला रहे थे। रास्ते में मृत्यु हो गई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने मृत्यु की पुष्टि की। रैपुरा थाने के भौंरी गांव के शिवशंकर साहू (31) को बुखार आने पर भाई रविशंकर जिला अस्पताल ला रहे थे। रास्ते में मृत्यु हो गई। बांदा जिले के बदौसा थाने के केवटरहा मोहल्ला की जग्गू देवी (65) को तीन दिनों से बुखार आ रहा था। परिजन झोलाछाप से इलाज करा रहे थे। हालत गंभीर होने पर पुत्री बिट्टन देवी ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस को सूचना दिये बिना परिजन शव घर ले गये।इसी क्रम में कहेटामाफी की गीता (35), मुस्लिम पुरवा की जुबैदा बेगम (65), मानिकपुर के राकेश की पांच वर्षीय पुत्री आर्यन, सिद्धपुर की पूजा (34), चुनहापुरवा के मनीष की 13 वर्षीय पुत्री जान्हवी, बल्दाऊगंज के ओमप्रकाश (27), दुबारी के अंकुश (22) व सपहा के रामस्वरूप के पुत्र मयंक को उल्टी-दस्त व बुखार से भर्ती कराया है।

# दलित महिला की पट्टे की भूमि पर कुछ लोग किये हैं अवैध कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के गढचपा गांव के ककरहुली मजरा की श्रीमती भोलिया पत्नी पप्पन कोटार्य ने एसडीएम मानिकपुर को लिखे पत्र में कहा कि वह अनुसूचित जाति की असहाय गरीब महिला है। उसकी पट्टे की भूमि पर गांव के कुछ दबंग लोग कब्जा किये हैं। पीडिता ने पट्टे की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगाई है।

रविवार को पीडिता श्रीमती भोलिया पत्नी पप्पन कोटार्य ने मानिकपुर एसडीएम को लिखे पत्र में कहा कि उसके पट्टे की भूमि पर गांव के गुडवा प्रजापति, बोरकाई प्रजापति, गोरेलाल प्रजापति पुत्र स्व राम सजीवन तथा दिलसुख प्रजापति पुत्र हिरवा कुम्हार अवैध ढंग से कब्जा किये हैं। भूमि से कब्जा छोडने को कहने पर गाली-गलौज कर अभद्र बर्ताव कर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीडिता ने कहा कि अवैध कब्जाधारकों को उसकी भूमि से बेदखल किया जाये। पीडिता ने एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है।


गुहार लगाती पीडिता भोलिया।

## गंगा दशहरा में एलआईयू ने की जांच

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय की अगुवाई में डॉग स्क्वॉयड एलआईयू की संयुक्त टीम ने गंगा दशहरा पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट, निर्मोही अखाड़ा, परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर जांच की। जांच में टीम को कोई संदिग्ध वस्तु अथवा व्यक्ति नहीं मिला। ये जांच ऐहतियातन की गई है।

# इंजन का प्रेशर डाउन होने से घंटों बन्द रहा रेलवे फाटक

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** इंजन का प्रेशर कम होने से घंटों फाटक के बीचों-बीच मालगाडी खड़ी रही। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पडी। रविवार को मालगाडी के ब्रेक-शू जाम होने से ट्रेन के लोको पायलट ने मालगाड़ी को रेलवे क्रासिंग के बीच में ही रोक दिया। एक ओर रेल यातायात बाधित रहा, दूसरी ओर इटवां डुडैला मानिकपुर सड़क मार्ग के टिकरिया रेलवे फाटक के दोनों ओर जाम लग गया। इससे लोगों को घंटों मशक्कत बाद यातायात सुचारू हो सका। घंटों लोग परेशान रहे। काफी समय तक रेलवे फाटक बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पडी। सतना-मानिकपर रेलखंड के टिकरिया रेलवे फाटक में ओवरब्रिज प्रस्तावित है। अभी तक रेलवे ओवरब्रिज का कार्य शुरू न होने से लोगों ने आक्रोश जताया।


जाम में फंसे ट्रक।

# दलित युवक के हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी

## परिवार को सुरक्षा न मिलने पर होगा आन्दोलन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने में 11 जून को हनुमानगंज लौरी में आदिवासी युवक को गांव के ही जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त दबंगों ने पीट-पीटकर हत्या कर गांव के बाहर खेत में फेंक दिया था। ग्रामीणों की मदद से 12 जून को उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत गम्भीर होने पर प्रयागराज रेफर हुआ था, वहां उसकी मौत होने से गुस्साये लोगों ने इलाहाबाद-झांसी राजमार्ग लालतारोड जाम कर दिया था। विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी व एसडीएम राकेश कुमार पाठक तथा मऊ कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय के समझाने पर जाम खुला था।


परिजनों से भेंट करते आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष आदि।

रविवार को पुलिस की छापेमारी पर दबंग हत्यारे घर छोडकर फरार हो गये। रैपुरा थाने में दबंगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, अभी तक गिरफ्तारी न होने पर रविवार को आभास महासंघ जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही व तमाम बहुजन चिंतक पीड़ित परिवार से भेंट करने पहुंचे। पीड़ित परिवार ने बताया कि परिवार को जानमाल का खतरा है। दबंग आरोपी परिवार पर सुलह का दबाव बना रहे हैं। ये सुनते ही आभास महासंघ जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने रैपुरा थानाध्यक्ष व राजापुर सीओ से फोन पर बात कर सुरक्षा देने की मांग की। चार घंटे बीतने के बाद भी परिजनों को कोई सुरक्षा नहीं दी गई। प्रशासन ने कोरे आश्वासन दिये हैं। जिला प्रशासन से मांग किया कि पीड़ित परिवार को सुरक्षा दी जाये। मृतक आश्रितों को पचास लाख की मदद दी जाये। सुरक्षा को शस्त्र लाइसेंस दिया जाये। जल्द हत्यारे दबंगों की गिरफ्तारी की जाये। चेताया कि ऐसा न होने पर जिला मुख्यालय में बडा आन्दोलन किया जायेगा।

इस मौके पर अम्बेडकर जिलाध्यक्ष भीम आर्मी इंद्रभान, छोटेलाल, शिवप्रकाश, राजकुमार वर्मा, जय प्रकाश वर्मा, अखिलेश अम्बेडकर, वीरभान अम्बेडकर, महेश कुमार वर्मा, राजा वर्मा आदि मौजूद रहे।

# दूषित पेयजल आपूर्ति पर डीएम को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इन दिनों जल संस्थान दूषित पेयजल आपूर्ति कर रहा है। इससे लोगों में जल संस्थान के प्रति रोष उभर रहा है। समय से ज्यादा दूषित पेयजल आपूर्ति एसडीएम कालोनी क्षेत्र में हो रही है। रविवार को एसडीएम कॉलोनी के वाशिंदों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि दूषित पेयजल आपूर्ति से वहां रहने वाले न्यायाधीश भी प्रभावित हैं। कई दिनों से देखा जा रहा है कि एसडीएम कालोनी क्षेत्र में अत्यधिक दूषित, बदबूदार, काला, छोटे-छोटे कीडे युक्त पेयजल आपूर्ति हो रही है। इससे बच्चे बीमार हो रहे हैं। स्वच्छ जलापूर्ति प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। सरकार के प्रयासों के बाद भी नागरिकों को दूषित जलापूर्ति हो तो इससे अधिक आपत्तिजनक व शर्मनाक कुछ नहीं है। जिलाधिकारी को लिखे पत्र में अपेक्षा किया कि हालात को समझते हुए मातहतों को मामले को संज्ञान में लेने का आदेश करेंगे, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके।

# तीन घंटे में कोतवाल ने किया लूट का खुलासा

## दो को दबोच लूटे आठ हजार बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल ने लूट की घटना का तीन घंटे के अन्दर खुलासा कर दो लोगों को दबोचकर लूट के आठ हजार रुपये बरामद किये।

लूट की ये घटना शनिवार की देर शाम हुई। बताया गया कि कोतवाली कर्वी के गढीवा गांव के चुनकाई यादव पुत्र शिवराज यादव सवेरे ट्रैफिक चैराहा के पास पीले रंग के बैग में आठ हजार रुपये लेकर ई-रिक्शा की किस्त भरने जा रहा था। 18-19 साल के दो लड़के आये और हाथ से रुपयों भरा बैग छीनकर भाग गये। वहीं खड़ा उसका बेटा लक्ष्मी एक लड़के को पहचानता था। जिसका नाम बाले पटेल पुत्र बुद्धू पटेल पासी तिराहा शत्रुघ्नपुरी कोतवाली कर्वी है। बैग में आधारकार्ड व पासबुक भी थी। पुलिस को ये सूचना दी। पुलिस ने मामला उचित धाराओं में दर्जकर कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह घटना के खुलासे में जुट गये। उन्होंने दरोगा श्याम देव, दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम को निर्देश दिये। पुलिस टीम ने तीन घंटे के अन्दर विकास उर्फ देवीदीन उर्फ नेपाली पुत्र नवल किशोर गोंडा रूकमाखुर्द थाना बहिलपुरवा व बाले पटेल पुत्र बुद्धू पासी तिराहा शत्रुघ्नपुरी को रेलवे यात्री शेड से लूट के आठ हजार रुपये समेत गिरफ्तार किया। माल बरामदगी पर धारा बढायी। टीम में दरोगा श्याम देव, दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही शिवपूजन यादव शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में लुटेरे।

# हत्या व छेडछाड आरोपी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा व अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह की टीम ने हत्या व विद्युत अधिनियम के वारंटी संतोष पुत्र जियालाल अमवा बकटा खुर्द व घर में घुसकर छेडछाड, जान से मारने की धमकी व एससी-एसटी एक्ट के आरोपी शिवबली पुत्र नत्थू यादव गडौली को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह, दरोगा यूटी शिवम कनौजिया, सिपाही मुकद्दर सिंह, अतुल मिश्रा, नरेंद्र कुशवाहा शामिल रहे।

## गर्मी में लू लगने से मामा-भांजे की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुवा थाने के रगौली गांव के भइयन पुत्र छत्रपाल निषाद की रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे लू लगने से मौत हो गयी। बताया गया कि भइयन पुत्र छत्रपाल अपने मामा की अंत्येष्टि में बेराउर जा रहा था। कल उसकी लू लगने से मौत हो गयी थी। उसका अंतिम संस्कार आज होना था। अंत्येष्टि में जा रहे भइयन को लू लगने पर राजापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गयी। परिजनों का रो-रोकर हाल-बेहाल हैं। मृतक के पिता छत्रपाल ने पोस्टमार्टम को राजापुर थाना पुलिस से कार्यवाही को कहा है।

## खनिज अधिकारी ने 24 वाहनों से वसूला 1084200 रुपये

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि जिले के विभिन्न स्थानों पर 14-15 जून की रात खनिज परिवहन की जांच दौरान नियमानुसार ढुलान न करने वाले 13 वाहनों का आनलाइन चालान किया। रविवार को उन्होंने बताया कि सात वाहन के अवैध ढुलान पर थाना मऊ, तीन वाहन पुलिस लाइन व एक वाहन भरतकूप थाने की हिरासत में दिया है। 14-15 जून की रात निरीक्षण दौरान 24 वाहनों पर उप्र उपखनिज नियमावली 2021 के तहत कार्यवाही की गई। जुर्माने के बतौर राज्य सरकार को 1084200 रुपये की प्राप्ति होगी। जिले में अवैध खनन व ढुलान पर कडी नजर रखी जा रही है। अवैध खननकर्ता व ढुलान करने वालों पर कडी कार्यवाही जारी रहेगी।

## फर्जी मार्कशीट में 18 ब्रांच पोस्टमास्टर की सेवायें समाप्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल में भारतीय डाक विभाग ने एक वर्ष पहले हुई ब्रांच पोस्ट मास्टर की भर्ती में बड़ा घोटाला किया है। कई जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज से नौकरी हासिल कर ली थी। जांच में 24 मामले पकड़े गये, सेवा समाप्ति की तैयारी है। अब तक 18 ब्रांच पोस्ट मास्टर की सेवायें समाप्त कर उनसे वसूली की प्रक्रिया शुरू है। भर्ती प्रक्रिया में बड़ा घोटाला उजागर होने से विभाग में अफरा-तफरी मची है। इस भर्ती घोटाले का खुलासा शनिवार को देर शाम हुआ। चित्रकूटधाम मंडल बांदा के डाक अधीक्षक गयूर खान ने बताया कि ब्रांच पोस्ट मास्टर घोटाले में कार्यवाही जारी है। चित्रकूटधाम मंडल बांदा में भारतीय डाक विभाग ने 2023 में ब्रांच पोस्ट मास्टर की भर्ती निकाली थी। मेरिट पर नियुक्ति हुई थी। नौकरी पाने वालों को मंडल के महोबा, हमीरपुर, बांदा व चित्रकूट के डाक घर व उप डाकघर में तैनात किया था। नौकरी पाने के बाद ब्रांच पोस्ट मास्टर वेतन भी लेते रहे। इसी दौरान डाक विभाग को भर्ती में घोटाले की शिकायत मिली। जांच शुरू होने पर नव नियुक्त ब्रांच पोस्ट मास्टर के प्रपत्रों के सत्यापन में कई लोगों की मार्कशीट जाली मिली। भारतीय डाक विभाग हरकत में आया। आनन-फानन में कार्यवाही की गई। घोटाले से नौकरी हथियाने वाले 18 पोस्ट मास्टर की सेवायें समाप्त कर दी गई हैं। इनमें हमीरपुर में सात, महोबा में आठ व चित्रकूट में तीन ब्रांच पोस्ट मास्टर शामिल हैं।

# नहरों में समय से छोडें पानीः भाकियू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू की मासिक किसान पंचायत तहसील राजापुर में जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल, मऊ तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी व सदर तहसील कर्वी के शैलेन्द्र सिंह की अगुवाई में हुई। किसान पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चाकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

रविवार को राजापुर तहसील परिसर में भाकियू जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने किसान पंचायत में कहा कि धान की रोपाई को सिंचाई को नहरों को चिल्लीराकस, चिल्लीमल पम्प कैनाल, बरकोट समेत नहरों को चलाया जाये। समय रहते गौशालाओं को चलाने की तैयारी की जाये। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों के विद्युत कनेक्शन दिये गये हैं, लेकिन समय से किसानों को विद्युत सामग्री नहीं दी जा रही। किसानों के बारिश से पहले ट्यूबवेल चल सकें।


एसडीएम को पत्र सौंपते भाकियू।

मऊ तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भारी लो-वोल्टेज की समस्या से मीटर रीडर रीडिंग नहीं लेते। किसानों की बिल समस्या का निदान नहीं हो पाता। तहसील मंत्री शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि समितियों में खाद व बीज दिलाया जाये, ताकि धान के बेड समय से लग सकें। किसान राममूरत नामदेव, योगेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, तीरथ प्रसाद, शिव सिंह, रामशरण राजपूत, कमलेश पटेल, विजय त्रिपाठी, अनिल कुमार, रामेश्वर, छेदीलाल, श्रीकेशन राजपूत व जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के परसौंजा गांव में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से गांव का प्रिंसू उर्फ छोटू (15) पुत्र मनराखन उर्फ कल्लू आरख की मृत्यु हो गई। ट्रैक्टर को नाबालिग चला रहा था।

ये घटना रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे पहाडी थाने के परसौंजा गांव में हुई। बताया गया कि पटेल बिरादरी का ट्रैक्टर ठाकुर बिरादरी का 14 वर्षीय नाबालिग चला रहा था। गांव में स्थित तालाब में मिट्टी खुदाई कर ट्रैक्टर में लोड कर दो अन्य साथियों के साथ ट्राली में बैठकर घर जा रहा था। कुछ दूर जाने पर ट्रैक्टर का संतुलन बिगड गया। ट्रैक्टर ट्राली समेत बेकाबू होकर पलट गयी। ट्राली पलटने से प्रिंसू की दबने से मृत्यु हो गई। दो अन्य साथी बच गये। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। मृतक की मां कमला देवी का रो-रोकर हाल-बेहाल है। मृतक दो भाइयों में छोटा था। पिता मेहनत-मजदूरी कर जीवनयापन करते है। घटना के बाद से चालक व मालिक फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने कहा कि जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।


पलटी पडी ट्रैक्टर ट्राली।

# एक जुलाई से लागू होने वाले कानूनों को विशेषज्ञों ने पढाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक के आदेश पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नये कानूनों की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में विधि विशेषज्ञों, अभियोजन अधिकारियों, शासकीय अधिवक्ताओं ने थाना/कार्यालयों के निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, दीवान/मुंशियों व सीसीटीएनएस में कार्य कर रहे पुलिस कर्मियों को एक जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023 व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धाराओं बाबत विस्तार से पाठ पढाया।



नये कानून पढाते विशेषज्ञ।

रविवार को हुई कार्यशाला में सीओ सिटी राजकमल, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा, विधि विशेषज्ञ प्रो एमपी तिवारी, विधि विशेषज्ञ प्रो शिवशंकर सिंह, विधि विशेषज्ञ प्रो डा पूर्णेंदू मिश्रा, अभियोजन अधिकारी शशिकान्त, अभियोजन अधिकारी बृजमोहन, सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह आदि ने पुलिस कर्मियों को एक जुलाई से लागू होने वाले कानूनों की बारीकी से जानकारी दी। कहा कि धीरे-धीरे लागू होने वाले कानून जैसे ही लोगों की समझ में आते जायेंगे, उसी तरह से कानूनों पर अमल होता जायेगा।

# पीएम मोदी से भेंट के बाद बदले ट्रूडो के सुर, कहा- मिलकर काम करेंगे



**अपुलिया:** इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के एक दिन बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कुछ 'महत्वपूर्ण लेकिन संवेदनशील' मुद्दे हैं जिन पर दोनों देशों को मिलकर काम करने की जरूरत है. कनाडा स्थित एक मीडिया चैनल के अनुसार दोनों नेताओं के बीच क्या चर्चा हुई, इसका अधिक ब्यौरा साझा करने से इनकार कर दिया.

शनिवार (स्थानीय समय) को शिखर सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बात करने के दौरान ट्रूडो से प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बैठक के बारे में पूछा गया. इसपर उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आप समझ सकते हैं कि मैं इस मुद्दे के विवरण में नहीं जाऊंगा.' कुछ महत्वपूर्ण लेकिन संवेदनशील मुद्दे हैं जिन पर हमें आगे काम करने की जरूरत है. यह आने वाले समय में कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता थी.

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी से कोई आश्वासन मिला है, कनाडाई प्रधानमंत्री ने कहा, 'जैसा कि मैंने कहा कि मैं इस पर अधिक बात नहीं करूंगा, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन पर हमें काम करने की जरूरत है और हम करेंगे.' जी-7 शिखर सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलिया क्षेत्र में आयोजित किया गया.

यहां भारत को शिखर सम्मेलन में 'आउटरीच देश' के रूप में आमंत्रित किया गया था और इसमें सात सदस्य देशों, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान और फ्रांस के साथ-साथ यूरोपीय संघ ने भी भाग लिया था. प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को यहां जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान अपने कनाडाई समकक्ष जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की. बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'जी7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की. यह बैठक भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के बीच हुई है.

प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस आरोप के कारण नई दिल्ली और ओटावा के बीच संबंध खराब हो गए थे कि पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत शामिल था. हालांकि, भारत ने आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया. नई दिल्ली ने यह भी कहा है कि कनाडा ने हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले में कोई 'विशिष्ट' सबूत या प्रासंगिक जानकारी नहीं दी है. निज्जर को 2020 में भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आतंकवादी घोषित किया गया था और पिछले साल जून में सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

# एलन मस्क ने कहा- ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए; दुनिया के सबसे अमीर शख्स ने बताई यह वजह, बयान के बाद भारत में सियासी बवाल

दुनियाभर में प्रसिद्ध माइक्रो ब्लॉगिग प्लेटफॉर्म '' (ट्विटर) के मालिक एलन मस्क अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं. सोशल मीडिया पर एलन मस्क की एक्टिविटी भी काफी ज्यादा है और यहां वह अक्सर छोटे-बड़े मामलों पर खुलकर अपनी बात रखते हैं। कभी-कभी तो एलन मस्क सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा भी कह जाते हैं कि उनके बयान से एक अलग हलचल पैदा हो जाती है। जैसे इस समय उनके एश्ट पर दिए गए बयान को लेकर दुनिया में हलचल मच गई है। भारत में भी कांग्रेस समेत अन्य विपक्ष पार्टियों द्वारा एलन मस्क का बयान हाथों-हाथ लिया जा रहा है।

दरअसल, एलन मस्क ने चुनाव करवाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानि एश्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए बड़ा बयान जारी किया है। इस तरह से एलन मस्क भी 'ईवीएम' हटाओ' मुहिम में शामिल हो गए हैं। एलन मस्क का कहना है कि, हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसमें मनुष्यों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम है, भले ही यह जोखिम छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। एलन मस्क ने अपना यह बयान प्यूर्टो रिको के चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी पाए जाने की रिपोर्ट के संदर्भ में जारी किया उधर, एलन मस्क ने ईवीएम को लेकर बयान जारी ही किया था कि भारत में एक बार फिर ईवीएम का मुद्दा जोरों-शोरों से जिंदा हो गया और लोकसभा चुनाव के बाद इसकी फिर से चर्चा शुरू हो गई। देश में राहुल गांधी और अखिलेश यादव समेत अन्य विपक्षी नेताओं ने एलन मस्क के इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी और ईवीएम का विरोध किया।

**एलन मस्क के बयान के बाद ईवीएम पर क्या बोले राहुल गांधी?**

एलन मस्क के बयान के बाद एश्ट को लेकर पहले ही मुखर हो रखे राहुल गांधी ने कहा- भारत में ईवीएम एक "ब्लैक बॉक्स" है, और किसी को भी इसकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है। इधर राहुल गांधी के अलावा समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने भी एलन मस्क के बयान को सोशल मीडिया पर रीपोस्ट किया और कहा- टेक्नॉलजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। आज जब विश्व के कई चुनावों में एश्ट को लेकर गड़बड़ी की आशंका जाहिर की जा रही है और दुनिया के जाने-माने टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स एश्ट में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर एश्ट के इस्तेमाल की ज़िद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ करें। आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की अपनी माँग को हम फिर दोहराते हैं।

**मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा- ईवीएम को आराम करने दीजिए**

4 जून को लोकसभा चुनाव रिजल्ट आने के बाद जब मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से सवाल किया गया कि एश्ट में गड़बड़ी और रिजल्ट बदले जाने को जो आरोप लगाते रहे हैं, उस पर वह क्या कहना चाहेंगे? इस पर मुख्य चुनाव आयुक्त का कहना था कि, रिजल्ट आ चुका है और सबके सामने है, बेचारी एश्ट को अब क्यों पीटना है, एश्ट को अब इससे दूर रहने दीजिये, थोड़े दिन उसको भी आराम करने दीजिये।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा- अगले चुनाव तक आराम करेगी, फिर बाहर आएगी, फिर वो गाली खाएगी। इसके बाद फिर वो अपना रिजल्ट अच्छे से देके जाएगी। राजीव कुमार ने कहा था कि पिछले 20 से 22 चुनाव से ईवीएम अपने रिजल्ट दे रही है, सरकारें बदलती जा रहीं हैं, राजीव कुमार ने कहा, जब ईवीएम का जन्म हुआ तो उस वक्त शायद मुहूर्त ऐसा था कि उसको गाली ही खानी है, लेकिन वो बहुत भरोसेमंद चीज है और वो हर प्रकार से तटस्थ हो चुकी है और अपना काम करते जा रही है।

# चीन के अनुचित व्यवहारों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा जी7 समूह, पढ़ें संयुक्त वक्तव्य में क्या है खास

**अपुलिया:** ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) देशों ने इटली में अपने तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के समापन के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया. इस संयुक्त वक्तव्य में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसी विशिष्ट अवसंरचना परियोजनाओं को समर्थन देने का वचन दिया है.

जी7 का उद्देश्य बेहतर अवसंरचना और निवेश के लिए आर्थिक गलियारों को बढ़ाना है. प्रमुख परियोजनाओं में लोबिटो, लूजोन, मध्य और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप जैसे गलियारों के लिए समन्वय और वित्तपोषण प्रयास शामिल हैं. वे यूरोपीय संघ के ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल और अफ्रीका के लिए इटली की मैटेई योजना जैसी मौजूदा पहलों को आगे बढ़ाने की भी योजना बना रहे हैं.

व्हाइट हाउस ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हम गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे और निवेश के लिए परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए ठोस जी7 पीजीआईआई पहलों, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक पहलों को बढ़ावा देंगे.

बयान में उनमें से कुछ परियोजनाओं का नाम भी लिया गया. जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लूजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के लिए हमारे समन्वय और वित्तपोषण को गहरा करना, साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और इटली की ओर से शुरू की गई अफ्रीका के लिए मैटेई योजना का निर्माण करना.

शुक्रवार को जी7 शिखर सम्मेलन के नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय कानून की ओर से शासित एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की. व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि हम कानून के शासन के आधार पर एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं.

शिखर सम्मेलन के वक्तव्य में इस बात पर जोर दिया गया कि ऋ7 चीन को नुकसान पहुंचाने या उसके आर्थिक विकास को बाधित करने का प्रयास नहीं कर रहा है. हालांकि, यह कहा गया कि समूह व्यवसायों को अनुचित व्यवहारों से बचाने, समान अवसर प्रदान करने और चल रहे नुकसान को दूर करने के लिए कार्रवाई करना जारी रखेगा.

वक्तव्य में कहा गया कि हम चीन के साथ रचनात्मक और स्थिर संबंध चाहते हैं और चिंताओं को व्यक्त करने और मतभेदों को प्रबंधित करने के लिए प्रत्यक्ष और स्पष्ट जुड़ाव के महत्व को पहचानते हैं. हम अपने राष्ट्रीय हित में कार्य करते हैं. अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में चीन की भूमिका को देखते हुए, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए सहयोग आवश्यक है. हम साझा हित के क्षेत्रों में संलग्न होना जारी रखते हैं।

# सत्तारूढ़ घटक दल की चेतावनी, सरकार से समर्थन वापसी पर हो सकता है विचार

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड के साथ सत्ता साझेदार घटक दल ने सरकार छोड़ने की चेतावनी दी है। सरकार में मंत्री रहे घटक दल के नेता के तरफ से आए इस तरह के बयान से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। प्रचण्ड सरकार में शामिल दूसरी सबसे प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के तरफ से सरकार में युवा तथा खेल मंत्री रहे विराज भक्त श्रेष्ठ ने आज सरकार से समर्थन वापसी पर विचार करने का बयान देकर गठबन्धन में असंतुष्टि रहने की बात को साबित कर दिया। अपनी ही पार्टी की स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए विराज भक्त श्रेष्ठ ने कहा कि जिस ढंग से इस सरकार में काम हो रहा है उसे देख कर सरकार को जारी समर्थन पर विचार करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार से बाहर निकलने में उनकी पार्टी को एक मिनट की भी देरी नहीं होने वाली है। मंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि मंत्री पद से इस्तीफा और सरकार से समर्थन वापसी का पत्र लेकर वो पॉकेट में घुमते हैं। अब किस दिन उस पर तारीख लिखना पड जाए कोई नहीं जानता। सरकार में शामिल मंत्री की तरफ से ही सरकार छोड़ने और समर्थन वापसी का बयान दिए जाने को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के तरफ से दिए गए इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए माओवादी पार्टी के महासचिव देव गुरूंग ने कहा कि किस संदर्भ में और किन कारणों से विराज भक्त श्रेष्ठ ने ऐसा बयान दिया है यह पता करना होगा। गुरूंग ने कहा कि अगर उनकी कोई असंतुष्टि है तो उन्हें प्रधानमंत्री से बात करनी चाहिए। उधर विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने सत्तारूढ़ घटक दल के मंत्री के बयान को पब्लिसिटी स्टंट बताया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र पार्टी वाले सभी सांसद और मंत्री स्टंट के सिवा कुछ नहीं करते हैं। ये धमकी भी सिर्फ स्टंट ही है। थापा ने आरोप लगाया कि स्वतंत्र पार्टी के सभी मंत्री कुछ भी काम करने में असफल हो रहे हैं, इसलिए अब उन्होंने यह पॉलिटिकल ड्रामा करना शुरू किया है।

# प्रचंड सरकार में शामिल होंगे बाहर से समर्थन देने वाले दो दल, अगले हफ्ते होगा मामूली फेरबदल

**काठमांडू।** नेपाल में राजनीतिक सरगर्मी के बीच प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ह्यप्रचंडह्ण अपनी सरकार में मामूली फेरबदल करने जा रहे हैं। अगले हफ्ते मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर लगभग तैयारी हो चुकी है। सरकार को अब तक बाहर से समर्थन देने वाले दो दलों को सरकार में शामिल कराने की तैयारी है। प्रधानमंत्री के निकट सूत्रों की मानें तो सत्तारूढ़ दलों में बढ़ रहे विवाद के बीच प्रचंड के तरफ से मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए दो नए मंत्रियों को शामिल कराया जाएगा। इसके लिए सरकार में रहे दो मंत्रियों को वापस भी बुलाने का संकेत दे दिया गया है। नेपाल के संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक कैबिनेट में कुल 24 मंत्री रह सकते हैं। दो नए मंत्रियों को जगह देने के लिए दो वर्तमान मंत्रियों को हटाया जा रहा है। प्रधानमंत्री निकट सूत्रों के मुताबिक माओवादी कोटे से पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन मंत्री रहे हितराज तामांग और एमाले की तरफ से भूमि व्यवस्था और गरीबी निवारण मंत्री रहे बलराम अधिकारी को वापस बुलाने पर सहमति हो चुकी है। इन दोनों के बदले नागरिक उन्मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष रंजीता श्रेष्ठ और जनमत पार्टी से अनिता साह को मंत्री बनाया जाएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# इजराइल-हमास संघर्ष: राफा विस्फोट में 8 इजराइली सैनिकों की मौत



**तेल अवीव:** दक्षिणी गाजा के राफा में एक भयानक विस्फोट में आठ इजराइली सैनिकों की जान चली गई. यह जनवरी के बाद से इजराइली सेना के लिए सबसे घातक घटना है. टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के हवाले से यह खबर दी गई. मारे गए सैनिकों में 23 वर्षीय कैप्टन वासेम महमूद की पहचान हो गई. वह बेत जान से कॉम्बैट इंजीनियरिंग कोर की 601वीं बटालियन में डिप्टी कंपनी कमांडर थे. शेष सात सैनिकों के नाम उनके परिवारों को सूचित किए जाने के बाद जारी किए जाएंगे.

आईडीएफ की जांच से प्राप्त प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि जब विस्फोट हुआ तब सैनिक नामर बख्तरबंद लड़ाकू इंजीनियरिंग वाहन (उएश) के अंदर थे. रिपोर्ट के अनुसार यह घटना सुबह करीब 5 बजे हुई. जब काफिला राफा के तेल सुल्तान इलाके में हमास के खिलाफ रात भर के हमले के बाद आराम के लिए जा रहा था.

काफिले में पांचवें या छठे वाहन के रूप में तैनात बख्तरबंद लड़ाकू इंजीनियरिंग वाहन नामर में एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ. यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट पहले से लगाए गए बम से हुआ या हमास के गुर्गों ने वाहन पर विस्फोटक उपकरण लगाया था. जांचकर्ता इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि क्या नामर बख्तरबंद लड़ाकू इंजीनियरिंग वाहन के बाहर एकत्र विस्फोटकों ने विस्फोट की तीव्रता को बढ़ा दिया.

आईडीएफ के अनुसार घटना के दौरान कोई गोलीबारी नहीं हुई और विस्फोट के समय वाहन गति में था. इन सैनिकों की मृत्यु के साथ ही हमास के विरुद्ध जमीनी हमले और गाजा सीमा पर अभियान के दौरान आईडीएफ के हताहतों की कुल संख्या 307 हो गई है।

टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार इस संख्या में हाल ही में बंधक बचाव अभियान में मारे गए एक पुलिस अधिकारी और संघर्ष में मारे गए एक नागरिक रक्षा मंत्रालय के ठेकेदार भी शामिल हैं.

इस त्रासदी से पहले सबसे घातक घटना जनवरी में हुई थी. उस समय हमास के आरपीजी हमले से हुए विस्फोट में 21 सैनिक मारे गए थे, जिसके परिणामस्वरूप दो इमारतें ढह गईं थी. रिपोर्ट के अनुसार आईडीएफ इस विनाशकारी नुकसान से जुड़ी परिस्थितियों की जांच जारी रखे हुए है. साथ ही अस्थिर क्षेत्रों में कार्यरत सैन्य कर्मियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और जोखिमों पर जोर दे रहा है।

# रफाह में हमास का घातक हमला, धमाके में 8 इजराइली सैनिकों की मौत

**येरुशलम।** हमास के खात्मे के लिए चल रहे इजराइल के अभियान को शनिवार को झटका लगा है। हमास के मजबूत गढ़ रफाह में हमास के भीषण धमाके में 8 इजराइली जवानों की मौत हो गई। इसे पिछले कई महीनों में किये गये अब तक का सबसे घातक हमला कहा जा रहा है। हमास के खात्मे के लिए इजराइल रफाह में व्यापक सैन्य अभियान चला रहा है। जिसमें इजराइल को भी समय-समय पर हमास के जवाबी कार्रवाई में खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी गाजा में किये गए एक विस्फोट में उसके आठ सैनिकों की मौत हो गई। यह विस्फोट रफाह के ताल अल-सुल्तान क्षेत्र में शाम 5 बजे हुआ। इजराइली सेना प्रवक्ता रीयर एड. डेनियल हगारी के मुताबिक यह धमाका हमास की तरफ से लगाए गए विस्फोटक या एंटीटैंक मिसाइल से किया गया। उन्होंने कहा कि हमें हमास के रफाह ब्रिगेड को हराने की जरूरत है और हम संकल्प के साथ यह कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इजराइल और फिलिस्तीन में पिछले करीब आठ महीने से लड़ाई चल रही है। इजराइली हमलों में फिलिस्तीन में भीषण तबाही को देखते हुए इसे रोकने के वैश्विक प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले साल 7 अक्टूबर में इजराइल पर हमास आतंकवादियों के हमले में 1200 लोगों की मौत हो गई थी और 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजराइल ने हमास के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया था।

# घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 पर सम्मेलन 19 जून को

**नई दिल्ली।** घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) वित्त वर्ष 2022-23 पर डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन का आयोजन 19 जून, 2024 को राजधानी नई दिल्ली में किया जाएगा। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष डॉ बिबेक देबराय इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि इस सम्मेलन में विभिन्न प्रमुख अवधारणाओं, परिभाषाओं, सर्वे के प्रमुख परिणामों, इकाई स्तर के डेटा, गुणकों का उपयोग और एचसीईएस की डेटा गुणवत्ता का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के तहत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) वर्ष 1950 में अपनी स्थापना के बाद से नियमित रूप से घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) का आयोजन कर रहा है।

# हुंडई मोटर इंडिया ने आईपीओ के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर किए दाखिल

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) भारतीय बाजार में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। कंपनी ने आईपीओ के लिए शेयर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा करा दिया है। एचएमआईएल के आईपीओ को अगर सेबी की मंजूरी मिल जाती है, तो यह भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम होगा। कहा जा रहा है कि यह दो साल पहले आए एलआईसी के 21 हजार करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा।

# प्रेरणास्थल से विदेशी भी जान सकेंगे भारत का लोकतंत्र : ओम बिरला



**नई दिल्ली।** प्रेरणास्थल बनने के बाद संसद में लगी सभी महापुरुषों और क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं एक स्थान पर होंगी। यहां आगुंतक और पर्यटक उनके जीवन दर्शन के बारे में सुन और पढ़ सकेंगे। इसके लिए संसद के भीतर एक विशेष व्यवस्था की जा रही है।

रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रेरणास्थल से भारत के लोगों को तो जानकारी मिलेगी ही, साथ ही विदेशी भी भारत के लोकतंत्र और भारत के बारे में जान सकेंगे। हमारी नई पीढ़ी भी इन महापुरुषों के योगदान से अवगत हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति रविवार शाम इसका लोकार्पण करेंगे। इससे पहले विपक्ष ने आरोप लगाया था कि संसद में महात्मा गांधी समेत अन्य महापुरुषों की मूर्तियों को उनके स्थान से हटाया जा रहा है।

गौरतलब है कि असहमति होने पर कई बार विपक्षी सांसद महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष विरोध-प्रदर्शन करते हैं। रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि संसद में एक प्रेरणास्थल का निर्माण किया जा रहा है, जहां इन प्रतिमाओं का जीवंत दर्शन किया जा सकेगा। संसद भवन के अंदर महापुरुषों, क्रांतिकारियों, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक नवचेतना जगाने वाले महापुरुषों की अलग-अलग समय में अलग-अलग स्थानों पर भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। संसद ने निर्णय किया है कि अब उन प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक तरीके से प्रेरणास्थल पर स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यहां भारत के लोकतंत्र की विरासत, संस्कृति व भारत के लोकतंत्र में योगदान देने वालों की जानकारी मिलेगी।